website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 107 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

# घर के पास पीएनजी पाइपलाइन, तो कनेक्शन लेना ही होगा

● कंपनी 3 महीने का नोटिस देगी, कनेक्शन नहीं लिया तो एलपीजी सप्लाई बंद होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपके घर के पास गैस पाइपलाइन आ गई है और आपने पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, तो अगले 3 महीने में आपके घर आने वाला एलपीजी सिलेंडर बंद कर दिया जाएगा। मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026 लागू किया है। इसके तहत अब पाइप वाली गैस का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। हालांकि, इसके लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता, तो 90 दिन बाद उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी। साथ ही सोसाइटियों को 3 दिन में पाइपलाइन की मंजूरी भी देनी होगी।




● सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी- कई बार हाउसिंग सोसायटियों या आरवीए (रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) के विरोध की वजह से पाइपलाइन का काम रुक जाता था। अब ऐसा नहीं होगा। अगर कोई कंपनी पाइपलाइन के लिए रास्ता मांगती है, तो सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी। अगर सोसाइटी ने मना किया या देरी की, तो वहां रहने वाले सभी घरों की एलपीजी सप्लाई पर रोक लगाई जाएगी। पाइपलाइन बिछाने के लिए अब सरकारी विभागों को फाइलों को अटकाने की इजाजत नहीं है।

## पाइपलाइन के लिए जमीन मालिक को दोगुना मुआवजा

अगर पाइपलाइन किसी की निजी जमीन से गुजर रही है, तो अब मुआवजे को लेकर सालों तक केस नहीं चलेंगे। सरकार ने इसके लिए एक फिक्स फॉर्मूला बना दिया है- जमीन के कमर्शियल सर्किल रेट का 30 फीसदी हिस्सा मालिक को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा। जमीन मालिक अगर आवेदन मिलने के 24 घंटे में मंजूरी दे देता है, तो उसे दोगुना यानी 60 फीसदी मुआवजा मिलेगा। अगर जमीन मालिक मंजूरी नहीं देता है, तो डेजिग्नेटेड अथॉरिटी (कलेक्टर या अन्य अधिकारी) फैसला लेंगे। सरकार ने 14 मार्च को ही एलपीजी कनेक्शन को लेकर नए नियम जारी किए थे।

## आठवीं मां महागौरी



वह रूप जो कि सौन्दर्य से भरपूर है, प्रकाशमान है – पूर्ण रूप से सौंदर्य में डूबा हुआ है। प्रकृति के दो छोर या किनारे हैं – एक मां कालरात्रि जो अति भयावह, प्रलय के समान है, और दूसरा मां महागौरी जो अति सौन्दर्यवान, देदीप्यमान, शांत है–पूर्णत : करुणामयी, सबको आशीर्वाद देती हुई।

### बुधवार को आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में बोलीं केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

पेट्रोल पंपों पर लगी हुई लाइन के साथ देखी घबराहट में की गई खरीद...

# भारत के पास पर्याप्त मात्रा में मौजूद है पेट्रोल-डीजल, अफवाहों से बनाएं सख्त दूरी: सुजाता शर्मा

नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही लड़ाई से उपजे तनाव के दौर में भारत में एलपीजी के मामले पर चिंता बरकरार है। सरकार बेहद तेजी के साथ घरेलू और आम उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी कनेक्शन की ओर मोड़ने को लेकर प्रयासरत है। इन सबके बीच उसने ये भी स्वीकार किया है कि बीते 48 घंटे में कई क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों और रिटेल आउटलेट पर लोगों की लंबी लाइन देखी गई है। जिसमें वो घबराहट में तेल खरीद कर रहे थे। जिसे लेकर पुनः विश्वास जताते हुए केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों पर सप्लाई करने वाले टर्मिनल पर भी तेल का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद है। हमारी सभी तेल रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता के साथ उत्पादन का स्तर बनाए हुए हैं। उनके पास सालाना कुल 36 करोड़ टन कच्चे तेल को रिफाइन करने की क्षमता है। एलपीजी का घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाया गया है। इसलिए आम जनता से ये अपील है कि वो किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें, घबराहट में सिलेंडर की बुकिंग करने या पेट्रोल पंपों पर लाइन लगाने से बचें। सिलेंडर की डिलीवरी घर पर ही की जाएगी। उसके लिए ऑनलाइन बुकिंग ही करें।

- पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सरकार ने नहीं की है कोई बढ़ोतरी
- देश की तेल रिफाइनरियां सालाना 36 करोड़ टन तेल को रिफाइन करने की क्षमता रखती हैं
- दिल्ली में पीएनजी कनेक्शन के लिए जारी हुआ आदेश, खत्म किया गया रोड रेस्टोरेशन चार्ज
- पाइपलाइन बिछाने के लिए 24 घंटे काम करने की दी गई है अनुमति



## पीएनजी के लिए दिए 2.50 लाख कनेक्शन

उन्होंने कहा कि मामले में हमारी प्राथमिकता आज भी घरेलू उपभोक्ता और उनकी तमाम जरूरतों को हर हाल में पूरा करना ही बना हुआ है। इसके अलावा घरेलू पीएनजी कनेक्शन भी इसी सूची में शुमार हैं और उनके लिए भी गैस की 100% सप्लाई जारी है। यातायात के लिए दी जाने वाली सीएनजी भी उपभोक्ताओं को उक्त आधार पर उपलब्ध कराई जा रही है। एलपीजी पर दबाव के मध्य सरकार की पूरी कोशिश पीएनजी के देश में विस्तार पर केंद्रित है। इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। बीते करीब 25 दिनों में ढाई लाख नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। इन लोगों को गैस की सप्लाई शुरू हो गई है। इतनी ही तादाद में नए आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। वहीं, अब तक एलपीजी से पीएनजी पर आ चुके उपभोक्ताओं का आंकड़ा 2 लाख 20 हजार पर पहुंच गया है। पीएनजी कनेक्शन को बढ़ाने के लिए सरकार ने बीते 24 मार्च को एक और गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसका उद्देश्य सभी राज्यों में पीएनजी कनेक्शन से संबंधित आवेदनों की फीस, अनुमति की समय सीमा की प्रक्रिया को सुचारू बनाने का है। इन सभी कदमों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

## दिल्ली की अहम पहल

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें पीएनजी कनेक्शन के लिए रोड़ रेस्टोरेशन चार्ज खत्म कर दिया गया है और पाइपलाइन बिछाने के लिए 24 घंटे काम की अनुमति दे दी गई है। कई अन्यों ने भी इसी तरह के बड़े कदम उठाए हैं। बहुत सारी तेल कंपनियां कई इंसेंटिव दे रही हैं। जिनमें 500 रुपए तक की मुफ्त गैस, सिक्योरिटी डिपॉजिट खत्म करना शामिल है। पीएनजीआरबी ने बिडिंग के जरिए सीजीडी को देश में 307 जगहों पर पाइपलाइन बिछाने का निर्देश दिया है। गजट में भी सरकार दोबारा प्रयास कर रही है। जिसमें जहां नेटवर्क है, वहां गैस इकाइयों को सरकार लिखित में रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा सूचना देगी। जिसके तीन महीने के भीतर उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट होना पड़ेगा।

## 2 हजार 700 रेड हुई, जब्त किए 2 हजार सिलेंडर

सुजाता के मुताबिक, आज के समय में केंद्र, राज्य सरकारों की यही कोशिश है कि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोका जाए। इस मामले में राज्यों की भूमिका अहम हो जाती है। बीते 24 मार्च तक देश में 2 हजार 700 रेड हुई है। जबकि 2 हजार सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उत्तर-प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ में भी बड़ी तादाद में रेड की गई है और सिलेंडर भी जब्त किए गए हैं। तेल कंपनियों द्वारा औचक निरीक्षण जारी है। जिनमें अभी तक कुल 290 कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

## खाड़ी में 20 जहाजों पर सुरक्षित हैं 540 नाविक

केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, खाड़ी क्षेत्र से बीते 24 घंटे में किसी भारतीय जहाज और नाविक के संबंध में किसी प्रकार की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। अभी फारस की खाड़ी के इलाके में हमारे कुल 20 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में 540 नाविक सुरक्षित हैं। डीजी शिपिंग लगातार हालात की निगरानी कर रहे हैं। कंट्रोल रूम के पास आए 200 फोन कॉल और 500 ईमेल का जवाब दिया गया है। पिछले 24 घंटे में 50 नाविकों को अलग-अलग जगहों से सुरक्षित देश वापस लाया गया है। जिसमें भारतीय मिशन का अहम योगदान है। वहीं, हमारे सभी बंदरगाहों पर सामान्य रूप से कामकाज जारी है। कहीं पर भी भीड़भाड़ की स्थिति नहीं है। गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर एक सर्कुलर जारी किया गया है। जिसमें मध्य-पूर्व वाले कंटेनरों को 15 दिन की मुफ्त स्टोरेज दी गई है। रिफल प्लग-इन चार्जेज को 80 फीसदी हटा दिया है। लिफ्ट ऑन, आफ और यातायात के चार्जेज को भी हटाया गया है। साथ ही बेक टू टाउन कंटेनर के लिए 15 दिन का मुफ्त स्टोरेज दिया गया है। मंत्रालय लगातार शिपिंग गतिविधियों, बंदरगाहों के ऑपरेशन, समुद्री नाविकों व व्यापार की स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जल्द ही एलपीजी की खेप लिए हुए दो अन्य जहाज देश पहुंचेंगे। दो पहले ही आ चुके हैं।

## एलपीजी की 92% बुकिंग ऑनलाइन

शर्मा ने बताया कि एलपीजी के संबंध में भी किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास कोई कमी नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग करीब 92 फीसदी के साथ अच्छी बनी हुई है। सोमवार तक सिलेंडरों की बुकिंग 58 लाख थी। लेकिन इनकी डिलीवरी भी पूरी तरह सामान्य है। 21 मार्च को केंद्र ने राज्यों के लिए कमर्शियल एलपीजी की मात्रा 20 से बढ़ाकर 50 फीसदी तक कर दिया था। जिसमें राज्यों से ढाबे, होटलों, इंडस्ट्रियल कैंटीन, सामुदायिक किचन, सब्सिडाइज कैंटीन को प्राथमिकता देने को कहा गया था। प्रवासी मजदूरों को 5 किलोग्राम सिलेंडर प्राथमिकता से देने पर जोर दिया गया है। इसी के तहत लगभग 26 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों तथा तेल कंपनियों ने देश में 22 हजार टन कमर्शियल एलपीजी वितरित की है। साथ ही 5 किलोग्राम वजन के कुल 30 हजार सिलेंडर दिए गए हैं। केरोसीन के संबंध में सरकार ने वैकल्पिक ईंधन के तहत राज्यों के लिए अतिरिक्त आवंटन किया है। 16 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों ने इसे लेकर आवंटन आदेश जारी किए हैं। देश में 60 लाख उपभोक्ताओं तक पीएनजी नेटवर्क पहुंच गया है और उन्हें कनेक्शन दिए जा सकते हैं।

### नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान कई महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठकें की

# पश्चिम बंगाल चुनाव जनता में टीएमसी के भय बनाम भाजपा के भरोसे के बीच होगा: नवीन

**भाजपा अध्यक्ष बोले, बंगाल की जनता टीएमसी के गुंडों और ममता बनर्जी की वसूली सरकार से मुक्ति चाहती है**

नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कोलकाता में अपने पश्चिम बंगाल प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन नबद्वीप जोन बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण सांगठनिक बैठकें की और बंगाल विधान सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की माइक्रो लेवल तैयारियों की समीक्षा की तथा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल भाजपा के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिम बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल, बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे, सह प्रभारी अमित मालवीय, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी सहित अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह पूरा चुनाव केवल दो प्रमुख विषयों पर केंद्रित है - तृणमूल सरकार के कुशासन से भय और जनता का भाजपा के सुशासन पर भरोसा। यह चुनाव टीएमसी के भय के वातावरण से बाहर निकलने का चुनाव है, क्योंकि जनता अब पूरी तरह से उस डर से मुक्त होना चाहती है। टीएमसी के गुंडे, तथाकथित कार्यकर्ता और उनकी सरकार वसूली, भ्रष्टाचार और अराजकता की सरकार चला रहे हैं, उससे अब राज्य की जनता मुक्ति चाहती है। जनता उस भय के वातावरण से बाहर आना चाहती है और उसे यह भी स्पष्ट रूप से पता है कि यदि उसे इस स्थिति से निकलना है तो उसका भरोसा केवल भारतीय जनता पार्टी पर है। भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व, उसके कार्यकर्ता और स्थानीय नेतृत्व पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और जनता को विश्वास है कि वही सोनार बंगाल के सपने को साकार कर सकते हैं।

नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग टीएमसी सरकार के भ्रष्टाचार, वसूली, भय और अराजकता के माहौल से मुक्ति चाहते हैं। भाजपा ही सुरक्षा, रोजगार और सम्मान सुनिश्चित कर सकती है। भाजपा के कमल का निशान पश्चिम बंगाल को विकास, सुरक्षा और 'सोनार बंगाल' की दिशा में आगे ले जाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से काम करते हैं। पार्टी के कार्यकर्ता मेहनत और परिश्रम के साथ हर बूथ तक पहुंचेंगे और 4 मई को राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कमल का निशान, इस राज्य को विकास के पैमाने पर आगे बढ़ाने, राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने और 'सोनार बंगाल' के सपने को साकार करने का प्रतीक है। यह कमल का फूल निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल को 'विकसित पश्चिम बंगाल' बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नवीन ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता एक-एक बूथ की संरचना खड़ी करने में जुटे हैं और पिछले चार-पांच वर्षों में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। पिछले चार-पांच वर्षों में विपरीत परिस्थितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मेहनत अब रंग ला रही है और आज जनता उनके साथ खड़ी है। पश्चिम बंगाल का एक-एक व्यक्ति इस परिवर्तन की लहर में कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होकर संघर्ष करने के लिए तैयार है।

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव**

## भाजपा ने आरजी कर रेप पीड़िता की मां को बनाया उम्मीदवार

### भाजपा ने 19 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

भाजपा ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट बुधवार को जारी की। इस लिस्ट में 19 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। भाजपा ने आरजी कर रेप पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ को भी टिकट दिया है। पीड़िता की मां पानीहाटी से चुनाव लड़ेंगी। हरिपाल से मधुमिता घोष को बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। इंग्लिश बाजार से अमलन भादुरी को टिकट मिला है। कूचबिहार दक्षिण से रथीन्द्र नाथ बोस को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, राजगंज से दिनेश सरकार को चुनाव लड़ने का मौका मिला है।

शांतिपुर से स्वपन दास को प्रत्याशी बनाया गया है। हावड़ा मध्य से बिप्लब मंडल, इस्लामपुर से चित्रजीत रॉय, नलहाटी से अनिल सिंह को टिकट मिला है। सिंगूर से अरूप कुमार दास और सैंथिया से कृष्णा कांत साहा चुनाव लड़ेंगे। कूचबिहार दक्षिण से रथीन्द्र नाथ बोस, राजगंज (अजा) से दिनेश सरकार (हराधन सरकार), इस्लामपुर से चित्रजीत रॉय, हेमताबाद (अजा) से हरिपद बर्मन, इंग्लिश बाजार से अमल भादुरी, शांतिपुर से स्वपन दास, पानीहाटी से रत्ना देबनाथ, हावड़ा मध्य से बिप्लबमंडल, उत्तरपाड़ा से दीपांजन चक्रवर्ती, सिंगूर से डॉ. अरूप कुमार दास, चन्दननगर से दीपांजन कुमार गुहा, चुंचुड़ा से सुबीर नाग, हरिपाल से मधुमिता घोष, तमलुक डॉ. हरे कृष्णा बेरा, मेदिनीपुर से शंकर गुच्छैत, पूर्वस्थली से प्राणकृष्ण तपदार, कटवा से कृष्णा घोष, सैंथिया सेकृष्णा कांत साहा और नलहाटी से अनिल सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके पहले दो सूचियां जारी की जा चुकी हैं।

**भवानीपुर में सुवेंदु ने ममता को खूब सुनाया**

## टीएमसी डबल डिजिट पार नहीं करेगी



भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करने पहुंच भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल डबल डिजिट पार नहीं करेगी। यह ट्रिपल डिजिट नहीं होगा। वे बंगाल को मोदीजी के हाथों में छोड़ना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि मोदीजी ने नंदीग्राम की तरह ममता बेनर्जी को सीरियसली हराने के लिए विपक्षी नेता को भेजा है। वे हिम्मत के साथ निकले हैं। वे भी बदलाव चाहते हैं। आई पैक ने जो किया है, उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। अधिकारी ने कहा कि आप नंदीग्राम की जितनी ज्यादा जिम्मेदारी लेंगे, मैं उतने ही ज्यादा वोटों से ममता बनर्जी को फिर से हरा पाऊंगा।

**ओवैसी ने हुमायूं की पार्टी से मिलाया हाथ**



## बंगाल में घुटन महसूस कर रहे लोग

जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुमायूं कबीर ने कहा कि हम पूरे राज्य में 20 रैलियां करेंगे। पहली रैली 1 अप्रैल को बहरामपुर में ओवैसी के साथ होगी। वहीं, ओवैसी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं। उनकी पार्टी ने हुमायूं की पार्टी से हाथ मिलाया है।

## फिरहाज हकीम ने ममता के लिए मांगे वोट

भवानीपुर चुनाव क्षेत्र में प्रचार करते हुए फिरहाज हकीम ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने पूरे बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत पक्की करने का जिम्मा अपने कंधों पर लिया है। उन्होंने हमें अपने घर की जिम्मेदारी दी है। हमें उस जिम्मेदारी को पूरा करना है और लोगों के पास जाकर बस यही कहना है, ममता इधर-उधर खड़ी नहीं हैं। तृणमूल को वोट दें।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## समझौते में 'रेड लाइन' बन रही मुसीबत

ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है। यह पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी जिद छोड़नी होगी।

अमेरिका की शर्तें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें हैं। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे।

समझौते की कोशिश। ये लाइनें लिखे जाने तक इन प्रस्तावों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी तरह की बातचीत से इनकार किया है। ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी ट्रंप के प्रस्ताव का मजाक उड़ाया। लेकिन, अहम यह है कि अब कम से कम शांति की चर्चा तो हो रही है।

भरोसे की कमी। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे से जो चाहते हैं, वह मुश्किल है। कमोबेश इन्हीं मामलों पर फरवरी में भी बातचीत अटकी थी। इन बिंदुओं को वह रेड लाइन कह सकते हैं, जिसे पार करना दोनों देशों के लिए असंभव है। लेकिन, आमतौर पर युद्ध के बीच बातचीत इसी तरह से शुरू होती है। यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दोनों देश सीधे आमने-सामने बैठ जाएंगे और उनकी बात बन जाएगी। दोनों को कॉमन ग्राउंड तलाशना होगा। तभी शांति की राह तैयार होगी। अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे की कमी उन्हें सीधी बातचीत शुरू करने से रोक रही है। इससे पहले हुईं सारे वार्ताएं नाकाम रही हैं और उनके दरम्यान ही अमेरिका-इस्राइल ने हमले शुरू कर दिए। ऐसे में तेहरान की हिचक समझी जा सकती है।

ताकत समाधान नहीं। बातचीत पर आगे बढ़ने के लिए यह भी जरूरी है कि पहले ईरान पर हमले बंद किए जाएं। यह नहीं हो सकता कि ट्रंप संघर्षविराम का प्रस्ताव भेजें और साथ में पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की संख्या भी बढ़ाते जाएं। अब तक के संघर्ष ने इतना तो बता दिया कि ताकत के जोर से सिर्फ तबाही ही मिलेगी। ट्रंप को इस्राइल को भी हमले रोकने के लिए मनाना चाहिए, क्योंकि अगर एक भी पक्ष समझौते का पालन नहीं करता है, तो शांति को कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

### सामाजिक न्याय की अवधारणा

## धर्म, जाति और धर्मांतरण: सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय



ललित गर्ग

**भारत जैसे बहुधर्मी और बहुजातीय देश में सामाजिक और धार्मिक संतुलन का बने रहना राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज लगातार जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर बदलता और विभाजित होता रहेगा, तो इसका प्रभाव सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता पर पड़ना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से धर्मांतरण का प्रश्न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन का भी प्रश्न बन जाता है। आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य भी यही था कि जो लोग सामाजिक रूप से वंचित हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में अवसर मिल सके। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग आरक्षण का लाभ लेते रहेंगे, तो इससे आरक्षण व्यवस्था का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और वास्तविक जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे समाज में असंतोष और असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय आरक्षण व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यह निर्णय यह स्पष्ट करता है कि संविधान की सुविधाएँ अधिकार हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए...**

**धर्म, जाति और धर्मांतरण का प्रश्न भारत के सामाजिक, संवैधानिक और राष्ट्रीय जीवन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील और जटिल विषय है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया यह निर्णय कि यदि अनुसूचित जाति का कोई व्यक्ति हिन्दू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को स्वीकार कर लेता है तो वह अनुसूचित जाति का संवैधानिक दर्जा और उससे जुड़े लाभों का अधिकारी नहीं रहेगा, केवल एक सामान्य कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय की अवधारणा और राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता को ध्यान में रखकर दिया गया एक दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णय है। इस निर्णय को भारतीय न्याय व्यवस्था की परिपक्वता, संतुलन और दूरदर्शिता का प्रतीक कहा जा सकता है। भारत में अनुसूचित जाति की व्यवस्था का निर्माण किसी धर्म विशेष को लाभ देने के लिए नहीं किया गया था, बल्कि उन सामाजिक वर्गों को संरक्षण और अवसर देने के लिए किया गया था, जो सदियों से सामाजिक भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार का सामना करते रहे थे। संविधान निर्माताओं ने यह माना था कि समाज में जो ऐतिहासिक अन्याय और सामाजिक असमानता रही है, उसे दूर किए बिना वास्तविक समानता स्थापित नहीं की जा सकती। इसी कारण आरक्षण और विशेष कानूनी संरक्षण की व्यवस्था की गई। यह व्यवस्था मूलतः सामाजिक भेदभाव पर आधारित थी, आर्थिक आधार पर नहीं। इसलिए अनुसूचित जाति का प्रश्न धर्म से अधिक सामाजिक संरचना से जुड़ा हुआ था।**


जब कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर ऐसे धर्म को स्वीकार करता है, जहां जाति व्यवस्था को मान्यता नहीं दी जाती, तो फिर यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या उसे उसी आधार पर अनुसूचित जाति के लाभ मिलते रहने चाहिए। इसी प्रश्न को लेकर वर्षों से देश में बहस चलती रही है। कई मामलों में यह देखा गया कि व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कर लिया, वह दूसरे धर्म की धार्मिक और सामाजिक व्यवस्था में सक्रिय भी हो गया, लेकिन वह अनुसूचित जाति के आरक्षण, छात्रवृत्ति, नौकरी में आरक्षण और एससी/एसटी एक्ट जैसे कानूनों का लाभ लेना चाहता था। इससे एक प्रकार की कानूनी और सामाजिक विसंगति उत्पन्न हो रही थी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी विसंगति को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और यह स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उपयोग उसी सामाजिक संदर्भ में किया जा सकता है, जिसके लिए वे बनाई गई थीं। धर्मांतरण का प्रश्न भारत में केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं रहा है, बल्कि कई बार यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जनसंख्या संतुलन से भी जुड़ जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर गरीब, वंचित और अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्गों में धर्मांतरण की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। कई बार धर्मांतरण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता के माध्यम से हुआ, तो कई बार लालच, प्रलोभन, दबाव या सामाजिक परिस्थितियों के कारण भी धर्म परिवर्तन के आरोप लगे। इसी कारण कई राज्यों ने धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए, ताकि बल, प्रलोभन या धोखे से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोका जा सके, लेकिन इन कानूनों का प्रभाव उतना व्यापक नहीं हो पाया जितनी अपेक्षा थी। जब किसी विशेष सामाजिक वर्ग का बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन होता है, तो उसका प्रभाव केवल धर्म पर ही नहीं पड़ता, बल्कि जातीय संरचना, सामाजिक संतुलन, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक संबंधों पर भी पड़ता है। धीरे-धीरे यह स्थिति सामाजिक और धार्मिक संतुलन को प्रभावित करने लगती है। भारत जैसे बहुधर्मी और बहुजातीय देश में सामाजिक और धार्मिक संतुलन का बने रहना राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज लगातार जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर बदलता और विभाजित होता रहेगा, तो इसका प्रभाव सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता पर पड़ना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से धर्मांतरण का प्रश्न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन का भी प्रश्न बन जाता है। आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य भी यही था कि जो लोग सामाजिक रूप से वंचित हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में अवसर मिल सके। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग आरक्षण का लाभ लेते रहेंगे, तो इससे आरक्षण व्यवस्था का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और वास्तविक



जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे समाज में असंतोष और असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय आरक्षण व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यह निर्णय यह स्पष्ट करता है कि संविधान की सुविधाएँ अधिकार हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता है। यहां अनेक धर्म, जातियां, भाषाएं और संस्कृतियां होते हुए भी देश एक है। लेकिन यदि धर्म, जाति और जनसंख्या संतुलन को लेकर लगातार राजनीतिक और सामाजिक प्रयोग होते रहेंगे, तो इससे राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। धर्मांतरण यदि पूरी तरह से व्यक्तिगत आस्था और विचार की स्वतंत्रता के आधार पर हो तो वह व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन यदि वह लालच, भय, दबाव, सामाजिक अलगाव या राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित हो, तो वह केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन को प्रभावित करने वाली प्रक्रिया बन जाता है। इसलिए इस विषय पर संतुलित, संवेदनशील और राष्ट्रीय दृष्टि से विचार करना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है। यह निर्णय केवल यह नहीं कहता कि धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाएगा, बल्कि यह निर्णय संविधान की मूल भावना को भी स्पष्ट करता है कि सामाजिक न्याय का आधार सामाजिक वास्तविकता है, न कि केवल कानूनी तकनीक। यह निर्णय यह भी स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उद्देश्य समाज में समानता और न्याय स्थापित करना है, न कि कानूनी व्यवस्था का दुरुपयोग होने देना।

### रामनवमी पर विशेष

मुनीष भाटिया



## आध्यात्मिक चेतना और दर्शन के शाश्वत प्रतीक हैं श्रीराम

मानव जीवन एक सतत यात्रा है-सत्य, प्रेम और आत्मबोध की यात्रा। इस यात्रा में राम एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमारे साथ रहते हैं। वे केवल इतिहास या ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के अंतर्मन में बसने वाली वह चेतना है, जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। उनका नाम केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने की अनुभूति है। आज का समाज अनेक विभाजनों में बंट चुका है-जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर। इन विभाजनों ने मानवता की मूल भावना को कमजोर कर दिया है। लेकिन राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म वही है, जो सबको साथ लेकर चले। शबरी के प्रेम से सिक्त बेर स्वीकार करना, निषादराज को आत्मीय मित्र बनाना और हनुमान जैसे भक्त को हृदय से लगाना-ये सभी प्रसंग यह दर्शाते हैं कि राम के लिए कोई भी ऊंच-नीच या भेदभाव नहीं था। वे समरसता और समानता के सच्चे प्रतीक हैं। राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन के हर संबंध और हर भूमिका में मर्यादा का पालन किया। चाहे वह पुत्र के रूप में पिता के वचन का पालन हो, राजा के रूप में प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व, या एक मित्र के रूप में निष्ठा-हर स्थान पर उन्होंने आदर्श स्थापित किए। आज जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों के कारण मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तब राम का जीवन हमें अनुशासन और संयम का महत्व याद दिलाता है। उन्होंने चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि कर्तव्य और वचन की मर्यादा सर्वोपरि होती है। राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मनुष्य अपने कर्मों और आचरण से ही महान बनता है। वे हमें यह समझाते हैं कि "पुरुष" से "पुरुषोत्तम" बनने की यात्रा बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तय होती है। जब व्यक्ति लोभ, मोह, अहंकार और वासना जैसे बंधनों से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करता है, तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप के निकट पहुंचता है। राम का यह संदेश हमें आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है। मानव की सबसे बड़ी चुनौती उसकी अनियंत्रित इच्छाएं हैं, जो उसे भ्रम और पतन की ओर ले जाती हैं। इसके विपरीत, रावण का चरित्र यह दर्शाता है कि ज्ञान और शक्ति होते हुए भी यदि व्यक्ति अपने अहंकार और वासना पर नियंत्रण नहीं रखता, तो उसका विनाश निश्चित है। इस प्रकार राम और रावण का अंतर केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक मूल्यों का अंतर है। राम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश "निष्काम कर्म" का है- ऐसा कर्म, जिसमें फल की अपेक्षा न हो। जब व्यक्ति बिना स्वार्थ के अपना कर्तव्य निभाता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनता है। आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि उसने आंतरिक संतोष और शांति को पीछे छोड़ दिया है। राम का मार्ग हमें सादगी, संतुलन और आत्मिक संतोष की ओर लौटने का आह्वान करता है। सत्य और धर्म राम के जीवन के मूल आधार रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में सत्य का साथ दिया, चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। यह हमें सिखाता है कि सच्चाई का मार्ग भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन अंततः वही स्थायी विजय का मार्ग है। इसी संदर्भ में आज के समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच व्यक्ति स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राम का जीवन हमें आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। वे सिखाते हैं कि बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी आवश्यक है। यदि मन अशांत है, तो कोई भी उपलब्धि हमें संतुष्टि नहीं दे सकती। इसलिए राम का मार्ग केवल नैतिकता का ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन का भी मार्ग है। इसके अतिरिक्त, राम का जीवन नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा के रूप में सदैव प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। आज के नेतृत्वकर्ता यदि राम के इस गुण को अपनाएं, तो समाज में न्याय और विश्वास की स्थापना हो सकती है। राम हमें यह भी सिखाते हैं कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो त्याग, सेवा और समर्पण पर आधारित हो, न कि केवल सत्ता और अधिकार पर। अंततः, राम कोई दूरस्थ आदर्श नहीं, बल्कि हमारे भीतर जागृत होने वाली वह चेतना हैं, जो हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देती है। उनका संदेश सरल है-सत्य का अनुसरण करो, धर्म का पालन करो, और मानवता को सर्वोपरि रखो। यही जीवन का सार है, और यही सच्चे अर्थों में राम को जीना है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित

दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित

प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

### राम की मूर्ति को अंतिम रूप



महाराष्ट्र के नागपुर में चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान राम नवमी से पहले एक कलाकार भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहा है।

### आज की पाती

**परमात्मा बेईमानी-चालाकी सब देखते हैं**

दुनिया की नजर से बचकर हम चालाकियां और बेईमानियां कर सकते हैं, लेकिन जो हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रख रहा है, उससे हम कुछ नहीं छुपा सकते। हम सब जानते है कि भगवान कण-कण मे विराजमान हैं, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस अटल सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए बेईमानी और अन्य गलत कामों को करने से परहेज नहीं करते, बेशक उन्होने बुरे कर्मों का नतीजा भुगता ही क्यों न हो, लेकिन फिर भी वो दुनिया से नजर बचाकर बेईमानी और चालाकी करने से बाज नहीं आते। परमात्मा हमारी अंतरात्मा पर भी नजर रखता है, वो हमारी सोच, मन, मस्तिष्क मे क्या चल रहा है, उसको भी देखता है। परमात्मा की नजर मे हमारे कर्म रिकॉर्ड होते हैं।

*- विजय देवांगन, कुम्हारी*

### ट्रेंड

**शांति और स्थिरता पर चर्चा**



राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


**ट्रांसजेंडर विधेयक**



भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडरों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर खुला हमला है। यह प्रतिगामी विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों से उनकी स्वयं की पहचान करने का अधिकार छीन लेता है, जो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**आईपीडी टावर की उपेक्षा**



जयपुर के महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट) में बन रहा आईपीडी टावर भी आज भाजपा सरकार की उपेक्षा का शिकार है। हमारी कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2023 में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया था।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

**बिहार में अपराध**



बिहार में अपराधियों का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और दरोगा का कुछ नहीं बिगड़ता। ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी ना समझें।

-तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

### करंट अफेयर

## ईरान में छिड़ी जंग से ज्यादा परेशान ये मुल्क



ईरान में अमेरिका और इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान के तेल कुएं हों या फिर गैस फील्ड, सभी को अमेरिका और इजरायल ने टारगेट किया है। वहीं ईरान ने भी संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और बहरीन समेत कई ऐसे देशों पर हमले किए हैं, जहां से बड़ी संख्या मे तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में की जाती है। इस जंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बाधित किया है, जहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल कारोबार होता है। इसके चलते भारत समेत कई देशों मे तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह है कि भारत ने अपनी तेल की जरूरतों को डाइवर्सिफाई किया है। वहीं पाकिस्तान, जापान, थाइलैंड और कोरिया जैसे देशों को ज्यादा परेशानी है। एक रिपोर्ट के अनुसार खाड़ी देशों से अपनी जरूरत का सबसे ज्यादा तेल आयात पाकिस्तान करता है। इसके बाद दूसरा नंबर जापान, तीसरा थाईलैंड और चौथा साउथ कोरिया का है। इसके बाद 5वां नंबर भारत का आता है। साफ है कि ईरान में चल रही जंग से भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा परेशान पाकिस्तान है। इस संकट के चलते एक तरफ सप्लाई पर असर पड़ा है तो वहीं कच्चे तेल के दाम भी 100 डॉलर के ऊपर लगातार बने हुए है।

### ऑफ बीट

## कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादो के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान मे कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों मे आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनोक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनोक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

रॉयल पत्रिका

# दो दिवसीय यूनानी चिकित्सा शिविर संपन्न, 700 मरीजों ने लिया निशुल्क उपचार का लाभ



महवा (शफीक अली)। जिला चिकित्सालय परिसर में राजकीय यूनानी औषधालय के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के करीब 700 मरीजों ने भाग लेकर निशुल्क परामर्श और दवाओं का लाभ उठाया। शिविर प्रभारी डॉ. शाकिर मोहम्मद ने बताया कि शिविर के दौरान मरीजों की भारी भीड़ रही। इसमें विशेष रूप से गठिया-बाई, जोड़ों का दर्द, अस्थमा, खून की कमी और त्वचा रोगों (दाद-खाज-खुजली) का यूनानी पद्धति से प्रभावी उपचार किया गया। मरीजों को उनके रोग के अनुसार उचित परामर्श देकर निशुल्क औषधियां वितरित की गईं। डॉ. शाकिर ने बताया कि यूनानी चिकित्सा में बीमारी के जड़ से उपचार पर जोर दिया जाता है, जिससे रोग के दोबारा होने की संभावना कम रहती है। स्वास्थ्य लाभ से उत्साहित आमजन ने प्रशासन से ऐसे पारंपरिक चिकित्सा शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की है।

**विशेष: क्या है यूनानी चिकित्सा** पद्धति? यह एक प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है जिसकी उत्पत्ति यूनान (ग्रीस) में हुई और इसे बाद में अरब व फारसी विद्वानों ने विकसित किया। भारत में मुग़ल काल के दौरान इसका व्यापक प्रसार हुआ। यह पद्धति शरीर के "चार तत्वों" (खून, बलगम, पित्त और काला पित्त) यानी 'मिजाज प्रणाली' के संतुलन पर आधारित है। इन तत्वों में असंतुलन ही रोगों का कारण बनता है।

**उपचार के प्रमुख तरीके:** हर्बल और प्राकृतिक दवाओं से इलाज। डाइट थेरेपी (आहार) द्वारा शरीर का संतुलन।

रेजिमेंटल थेरेपी (जैसे हिजामा/कपिंग, मालिश)।

**जीवनशैली में सकारात्मक सुधार।** इन रोगों में है अत्यधिक कारगर: यूनानी पद्धति विशेष तौर पर गठिया व जोड़ों के दर्द, त्वचा रोग (दाद, खुजली), श्वास रोग (अस्थमा), पाचन संबंधी समस्याओं और रक्त संबंधी विकारों के उपचार में उपयोगी मानी जाती है।

# मोहम्मद रिजवान खान बने प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव



कोटा/बारां (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। कांग्रेस केकेसी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान खान को संगठन में एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाल ही में गठित राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग में उन्हें प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र के बालदड़ा गांव के एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले रिजवान खान को पार्टी के प्रति उनके समर्पण और सांगठनिक कौशल को देखते हुए यह महत्वपूर्ण पद दिया गया है। शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार अपनी नियुक्ति पर मोहम्मद रिजवान खान ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व अंता विधायक प्रमोद जैन भाया, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार, आदर्शनगर विधायक रफीक खान और पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने और अल्पसंख्यक समाज को कांग्रेस से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

नियुक्ति पर बधाई देने वालों का लगा तांता रिजवान खान के प्रदेश महासचिव बनने पर बारां और कोटा संभाग के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ज़ाकिर मंसूरी, अशरफ़ देशवाली, पीसीसी सदस्य अयूब खान बालदढ़ा, पूर्व चेयरमैन मुस्तफ़ा खान (अंता), स्टेट हज कमेटी सदस्य हाजी मोहम्मद अशफाक (मांगरोल), और जिला वक्फ कमेटी चेयरमैन इरफान अंसारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा घोषित 10वीं और 8वीं कक्षा के परिणामों में राजकीय अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय, सवाई माधोपुर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय ने स्थापना के पिछले 3 वर्षों से लगातार बोर्ड कक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम देने की हैट्रिक बनाई है। 10वीं में 14 में से 13 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यालय के शानदार प्रदर्शन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कक्षा 10वीं के कुल 14 छात्रों में से 13 छात्रों ने प्रथम श्रेणी (First Division) और 1 छात्र ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है। मेधावी छात्र अनवर अली ने 84.17%, फरमान खान ने 77.50% और अकरम खान ने 74.83% अंक प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। वहीं, कक्षा 8वीं का परिणाम भी पूरी तरह शत-प्रतिशत रहा।


जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने दी बधाई इस उपलब्धि पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री मनोज कुमार मीना ने गहरा हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ को उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों के समर्पण और टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी वर्षों में भी विद्यालय इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# चूरू में दस्तावेजों की जांच जारी; 639 अभ्यर्थी पात्र मिले, अनुपस्थितों का ग्राफ गिरा



चूरू (मोहम्मद अली पठान)। जिला मुख्यालय पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती के लिए पात्रता जांच और दस्तावेज सत्यापन का कार्य बुधवार को भी संयुक्त निदेशक संगीता मानवी के निर्देशन में सुचारू रूप से जारी रहा। सेठ गोपीराम गोयनका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे इस शिविर में विभागीय पारदर्शिता और टोकन व्यवस्था के चलते कार्य में काफी तेजी आई है। दस्तावेज सत्यापन का लेखा-जोखा: 83 अभ्यर्थी रहे नदारद सहायक निदेशक प्रमेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन 750 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन का लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की जांच की गई, जिसमें कुल 667 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 83 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जांच के दौरान 639 अभ्यर्थी पात्र पाए गए, वहीं 28 अभ्यर्थियों को प्रोविजनल तौर पर पात्र घोषित किया गया है। संयुक्त निदेशक कार्यालय द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान का असर यह रहा कि अब अभ्यर्थी अपने दस्तावेज व्यवस्थित रूप से लाने लगे हैं, जिससे सत्यापन की प्रक्रिया कम समय में पूरी हो रही है। टीमें कर रही हैं गहन समीक्षा और डेटा फीडिंग अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सम्पत सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के निर्देशानुसार रामचंद्र जांगिड़, विजय मीणा और कुलदीप कुल्हरी सहित पूरी टीम फाइलों की जांच कर डेटा फीडिंग का कार्य कर रही है। प्रतिदिन की रिपोर्ट ऑनलाइन माध्यम से बीकानेर निदेशालय को प्रेषित की जा रही है। खेल प्रमाण पत्रों के लिए बनी विशेष समिति खेल कोटे के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए विभाग ने विशेष सावधानी बरती है। खेल प्रमाण पत्रों और एसोसिएशन की प्रमाणिकता की जांच के लिए एक खेल समिति का गठन किया गया है। इसमें उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) कमल सहारण, प्राध्यापक ओम प्रकाश और सुमित्रा पीईटी को सदस्य नियुक्त किया गया है, जो प्रमाण पत्रों की गहनता से समीक्षा कर अंतिम निर्णय लेंगे। इस दौरान बेधड़क बड़सरा, विजय धुंधवाल, शिवराज सिंह, धर्मेंद्र मुंड सहित अन्य विभागीय कार्मिक व्यवस्थाएं संभालने में जुटे रहे।

# अनंतपुरा-जैतपुरा सड़क के नवीनीकरण को मिली 55 लाख की स्वीकृति



चौमूँ (भगवान सहाय यादव)। चौमूँ विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी मानी जाने वाली अनंतपुरा से जैतपुरा सड़क के दिन अब फिरने वाले हैं। राज्य सरकार ने इस मार्ग के नवीनीकरण कार्य के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) मंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। 2 किलोमीटर मार्ग का होगा कायाकल्प सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार, जैतपुरा से अनंतपुरा तक के 2 किलोमीटर लंबे मार्ग के नवीनीकरण कार्य के लिए 55 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि यह मार्ग दोनों ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है, जो लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। सड़क खराब होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों और विशेषकर किसान भाइयों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। किसानों को मिलेगी बड़ी राहत रामलाल शर्मा ने कहा, "डबल इंजन की सरकार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 55 लाख की लागत से बनने वाली यह सड़क न केवल आम यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि स्थानीय किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में भी बड़ी सुविधा प्रदान करेगी।" क्षेत्रवासियों द्वारा इस सड़क के सुदृढ़ीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार किया है। विभाग के अनुसार, सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र ही शुरू करवा दिया जाएगा, जिससे राहगीरों को आवागमन में सुगमता होगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# मुस्लिम तेली समाज का इज़्तिमाई का सम्मेलन आयोजित

## -33 जोड़े बने हमसफर,नेक दुआओं के साथ विदा किया



सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी में तेली समाज का शादी सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें जिले के ओर आसपास गांवों से तेली समाज के लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया।मुस्लिम तेली समाज के 33 जोड़ो का निकाह हुआ कार्यक्रम में तेली समाज ताज्जुब अली (अध्यक्ष, तेली समाज), गनी खान, मुन्ना खान , सरफू खान, पटवारी एवं इसाक उनकी पूरी टीम का बेहतरीन योगदान रहा। सम्मेलन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, प्रदेश सचिव कांग्रेस लईक अहमद,पीसीसी से इस्माईल,भाजपा नेत्री मेहनाज पटेल,अली मोहम्मद उपसभापति, सोहेल अनवर,गंगापुर सिटी से वकील संगठन ओर अन्य कई समाज के जिम्मेदार व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अभी मेहमानों ने निकाह हुए जोड़ो को दुआ दी व कमेटी को कार्यक्रम की सफलता के लिए मुबारकबाद दी।

# महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण, भामाशाहों का हुआ भव्य सम्मान



चौमूँ (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) सिंगोद खुर्द में मंगलवार को 'सीसीटीवी कैमरा लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से भामाशाहों द्वारा 14 सीसीटीवी कैमरे, स्मार्ट टीवी और वाटर फिल्टर जैसी महत्वपूर्ण वस्तुएं भेंट की गई। भामाशाहों ने दिखाई दरियादिली, आधुनिक संसाधनों से लैस हुआ स्कूल कार्यक्रम के दौरान पूर्व सरपंच सरदारमल जाखड़ ने 14 सीसीटीवी कैमरे एवं 43 इंच का स्मार्ट टीवी विद्यालय को समर्पित किया। इसी क्रम में कृषि विभाग बीकानेर के प्रबंध निदेशक डॉ. मदन बराला द्वारा डबल बैटरी इन्वर्टर और भामाशाह रोहिताश जाखड़ द्वारा वाटर फिल्टर भेंट किया गया। इन सभी भामाशाहों का विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य सम्मान किया गया। इंस्पायर अवॉर्ड विजेताओं का सम्मान और रंगारंग प्रस्तुतियां संस्था प्रधान चंद्रशेखर बांकोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए 'इंस्पायर अवॉर्ड' हेतु चयनित चार प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने अध्यापिका सुनीता एवं मीनू यादव के निर्देशन में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इन गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO) कृपानिधि त्रिवेदी रहे। विशिष्ट अतिथियों में पीईईओ सज्जन सिंह (सिंगोद खुर्द), रमेशचंद बुटोलिया (सिंगोद कलां) और एसएमसी अध्यक्ष लादूराम यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर कालूराम बांकोलिया, रामदेव शास्त्री, बजरंग सिंह शेखावत, शंकर सिंह शेखावत, मदनलाल जाखड़, सुरेश कुमार मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और शिक्षा प्रेमी मौजूद रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल बताया।

# वट वृक्ष के संरक्षण के लिए मोक्षधाम में बनवाया भव्य चबूतरा



जयपुर (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। डिग्गी-मालपुरा रोड स्थित रातल्या गांव के ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकार की एक मिसाल पेश की है। ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से गांव के मोक्षधाम के विकास का बीड़ा उठाया है, जिसके तहत वहां स्थित प्राचीन वट वृक्ष (बरगद) के चारों ओर एक पक्का चबूतरा बनवाया गया है। प्रकृति प्रेमी की स्मृति में विकास का संकल्प स्थानीय निवासी और समाजसेवी दिनेश बागड़ा ने बताया कि मोक्षधाम परिसर में स्थित इस वट वृक्ष को करीब 20 वर्ष पूर्व गांव के प्रकृति प्रेमी स्व. श्री लक्ष्मीनारायण मेहता द्वारा लगाया गया था। मेहता साहब अपने जीवनकाल में प्रकृति और पक्षी प्रेमी के रूप में पहचाने जाते थे, जिन्होंने मंदिरों, तलाई और सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी संख्या में छायादार पौधे लगाए थे। उनकी इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए गांव के युवाओं और ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से करीब 3 लाख रुपये की लागत से इस भव्य चबूतरे का निर्माण करवाया है। आस्था और सामाजिक मेलजोल का केंद्र बीते वर्ष मोक्षधाम परिसर में भूतेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण होने के बाद अब इस चबूतरे के बनने से वट वृक्ष का संरक्षण सुनिश्चित होगा। ग्रामीणों का मानना है कि मोक्षधाम जैसी पवित्र जगह पर विकास कार्य होना अत्यंत आवश्यक है। यह चबूतरा न केवल वृक्ष को मजबूती देगा, बल्कि ग्रामीणों के बैठने और सामाजिक चर्चाओं के लिए एक स्थान भी प्रदान करेगा। युवाओं का कहना है कि वे भविष्य में भी गांव के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर इसी तरह के विकास कार्य जारी रखेंगे।

# घमुड़वाली थाना प्रभारी और हेड कांस्टेबल पर संगीन आरोप

## - ठगी की 15 लाख की बरामदगी में 'बंदरबांट', माकपा ने दी आंदोलन की चेतावनी



श्रीगंगानगर/घमुड़वाली (विनोद सोखल)। घमुड़वाली थाना एक बार फिर विवादों के घेरे में है। थाना प्रभारी (CI) राजेंद्र सिंह और एक हेड कांस्टेबल पर एक पीड़ित किसान से ठगी गई 15 लाख रुपये की राशि को खुर्द-बुर्द करने और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने पदमपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और आगामी 30 मार्च को जिला पुलिस अधीक्षक से मिलने व आंदोलन की चेतावनी दी है। क्या है पूरा मामला? 34 LNP निवासी पीड़ित किसान टीकूराम खिलेरी के अनुसार, 15 सितंबर 2025 को कुछ लोगों ने ठेकेदारी में हिस्सेदार बनाने के नाम पर उनसे 15 लाख रुपये ठग लिए थे। टीकूराम ने थाने में परिवाद दिया, जिस पर हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार ने राशि बरामद करने का आश्वासन दिया। आरोप है कि हेड कांस्टेबल ने 15 लाख की पूरी राशि बरामद कर ली और दो आरोपियों को 31 अक्टूबर को धारा 151 में गिरफ्तार भी किया, जिन्हें बाद में जमानत मिल गई। 15 लाख बरामद, किसान को मिले महज 3.45 लाख पीड़ित का आरोप है कि पूरी रिकवरी के बावजूद हेड कांस्टेबल ने उसे किस्तों में केवल 3.45 लाख रुपये ही लौटाए। शेष राशि के बारे में पूछने पर हेड कांस्टेबल ने कथित तौर पर कहा कि उसने वह पैसा अपने बेटे को विदेश भेजने और पत्नी के जेवरात छुड़वाने में खर्च कर दिया है। जब किसान अपनी फरियाद लेकर सीआई राजेंद्र सिंह के पास पहुंचा, तो आरोप है कि सीआई ने हमदर्दी दिखाने के बजाय किसान के साथ गाली-गलौज की, हवालात में बंद करने की धमकी दी और धक्के मारकर थाने से बाहर निकाल दिया। माकपा ने घेरा: 'कानून व्यवस्था ताक पर' प्रेस कॉन्फ्रेंस में माकपा नेता कॉमरेड रविंद्र तरखान, गुरचरण सिंह मोड़ और अमतेंद्र सिंह क्रांति सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि घमुड़वाली थाने में भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार चरम पर है। क्षेत्र में भेड़-बकरी और खेतों से सामान चोरी की दर्जनों वारदातों में मुकदमा तक दर्ज नहीं किया जा रहा। नेताओं ने आरोप लगाया कि सीआई और हेड कांस्टेबल के बीच रुपयों के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ है, जिसके चलते हेड कांस्टेबल पिछले एक महीने से लंबी छुट्टी पर चल रहा है। फिलहाल, पीड़ित किसान ने डीवाईएसपी करणपुर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है, जिन्होंने जांच का आश्वासन दिया है। लेकिन माकपा ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# चूरू में तेल का संकट: प्रशासन की 'हवाई' बातों के बीच पेट्रोल पंपों पर लगे ताले




चूरू (मोहम्मद अली पठान)। जिला मुख्यालय पर पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत ने आमजन के पसीने छुड़ा दिए हैं। एक तरफ जहां जिले के प्रशासनिक अधिकारी 'अफवाहों पर ध्यान न देने' की अपील कर जनता को ढांढस बंधा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर 'स्टॉक खत्म' के बोर्ड लटक गए हैं। तेल न होने के कारण कई पंप पूरी तरह बंद हो चुके हैं, जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ पंप संचालक भी भारी परेशानी झेल रहे हैं। वीर गति स्मारक और रेलवे स्टेशन रोड पर बुरा हाल शहर की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक दावों के ठीक उलट नजर आ रही है। वीर गति स्मारक के पास स्थित पेट्रोल पंप पूरी तरह बंद कर दिया गया है। वहीं, कलेक्ट्रेट और रेलवे स्टेशन के बीच स्थित पंपों पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं। जिन गिने-चुने पंपों पर केवल पेट्रोल बचा है, वहां बाइक सवार घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। गाजसर जैसे दूरदराज के इलाकों से तेल भरवाकर लौट रहे ऑटो चालकों का कहना है कि शहर में स्थिति दयनीय हो चुकी है। प्रशासन पर उठे सवाल: 'भ्रमित करने के बजाय धरातल पर आएं अधिकारी' नाराज नागरिकों का कहना है कि प्रशासन केवल कागजी बातें कर जनता को भ्रमित कर रहा है। अधिकारियों को चैंबर से बाहर निकलकर पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण करना चाहिए ताकि उन्हें वास्तविक संकट का पता चल सके। पंप संचालकों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल 'सब ठीक है' कहना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द संज्ञान ले और तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके।

# कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा जल्द

## - खिलाड़ियों और युवाओं में भारी उत्साह

बारां (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। राजस्थान में खेल प्रतिभाओं को नई दिशा देने और युवाओं को खेल के मैदानों से जोड़ने के उद्देश्य से कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी का गठन अंतिम चरण में है। पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में संगठन को मजबूती देने और खेल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अमीन पठान के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में चल रहे अभियान के तहत अब बारां जिले में भी नई टीम की घोषणा जल्द की जाएगी।

युवाओं और खिलाड़ियों को मिलेगी प्राथमिकता

खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि नई कार्यकारिणी में सक्रिय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। भाटी ने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य जिले में क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसे खेलों को नई ऊर्जा देना है। नई टीम के माध्यम से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को एक मजबूत मंच मिल सके।

वरिष्ठ नेताओं ने जताई खुशी

खेल प्रकोष्ठ की इस पहल का जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया है। पूर्व मंत्री एवं अंता विधायक प्रमोद जैन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, छबड़ा के पूर्व विधायक करण सिंह राठौर और किशनगंज की पूर्व विधायक निर्मला सहरिया ने इस कदम को सराहनीय बताया है। नेताओं का मानना है कि खेल प्रकोष्ठ की सक्रियता से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलेगी और खेल के माध्यम से उनमें अनुशासन और टीम भावना का विकास होगा।

# राम दरबार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न, कल होगा भव्य भंडारा

बस्सी (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। बस्सी के निकटवर्ती ग्राम खिजुरिया ब्राह्मणान स्थित श्री श्री 1008 श्री बालाजी मंदिर परिसर में नवनिर्मित राम दरबार मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान के पूर्ण होने से पूरे क्षेत्र में उल्लास का माहौल है। आयोजन समिति ने बताया कि इस त्रि-दिवसीय महोत्सव की पूर्णाहुति और भव्य भंडारे का आयोजन शुक्रवार (27 मार्च) को दोपहर 2:00 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में आचार्य पंडित राजेश जी, गणपत सिंह, मुकेश शर्मा, नरेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा, विजय शर्मा, गोविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण और ग्रामीण मौजूद रहे। भक्तों ने भगवान श्री राम के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

महोत्सव का शुभारंभ 19 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# रामनवमी पर निकलेगी भव्य 'विराट भगवा शोभायात्रा'

चूरू (मोहम्मद अली पठान)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 26 मार्च को जिला मुख्यालय पर भव्य 'विराट भगवा शोभायात्रा' का आयोजन किया जाएगा। श्री रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के शास्त्री मार्केट, धर्म स्तूप, रेलवे स्टेशन और नई सड़क क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों और प्रबुद्ध जनों को पीले चावल एवं निमंत्रण पत्र भेंट कर सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया। ब्रह्मानंद राजोतिया ने बताया कि यह शोभायात्रा 26 मार्च दोपहर 3:00 बजे इंद्रमणि पार्क से रवाना होकर मुख्य बाजारों से होती हुई गढ़ चौराहा स्थित राम मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी।

# महलाना उतरादा: 9वीं कक्षा की 8 बालिकाओं को बांटी गई निशुल्क साइकिलें



चूरू (मोहम्मद अली पठान)। जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महलाना उतरादा में गुरुवार को अध्यापक-अभिभावक बैठक (PTM) के साथ ही वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार की निशुल्क साइकिल योजना के तहत कक्षा नौवीं की 8 मेधावी बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। प्रधानाचार्य मनोज कुमार दायमा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सूबेदार मंगल सिंह, ओंकार सिंह, रमेश कुमार और एसडीएमसी सदस्यों सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का सफल संयोजन सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने किया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# फाइनेंस कंपनी की संपत्ति पर दोबारा कब्जे का आरोप

श्रीगंगानगर (विनोद सोखल)। जिले में एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी द्वारा कानूनी प्रक्रिया (सरफैसी एक्ट) के तहत कब्जे में ली गई संपत्ति के ताले तोड़कर दोबारा कब्जा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में 'आवासा फाइनेंस लिमिटेड' की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस ने ऋणी पिता, उसके तीन पुत्रों और दो चर्चित किसान नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

क्या है पूरा विवाद?

पुलिस के अनुसार, न्यू क्लॉथ मार्केट स्थित आवासा फाइनेंस लिमिटेड के अधिकारी प्रेम सुथार ने शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि चक 4-ML निवासी महेंद्र सिंह ने अपनी 1452 वर्ग फुट की संपत्ति बंधक रखकर मार्च 2022 में 30 लाख रुपये का लोन लिया था। किस्तें जमा न होने पर लोन अकाउंट एनपीए (NPA) हो गया, जिसके बाद कंपनी ने सरफैसी एक्ट के तहत वसूली की कार्यवाही शुरू की।

अदालत के आदेश पर हुआ था कब्जा, अगले ही दिन टूटा ताला

बीते दिनों अदालत ने कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए भौतिक कब्जा लेने का आदेश दिया था। इसके आधार पर 18 मार्च को पुलिस की मौजूदगी में कंपनी ने संपत्ति को सील कर अपना ताला लगा दिया था। लेकिन आरोप है कि अगले ही दिन 19 मार्च की शाम को महेंद्र सिंह, उसके पुत्रों (गौरीशंकर, रायसाहब, रामावतार) ने किसान नेता रविंद्र तरखान और सुखबीर सिंह फौजी की मौजूदगी में कंपनी की सील और ताले तोड़कर पुनः कब्जा कर लिया।

दिग्गज नामजद, जांच शुरू

इस मामले में नामजद रविंद्र तरखान माकपा के जिला मंडल सदस्य हैं, वहीं सुखविंदर सिंह फौजी इन दिनों पदमपुर स्टेट हाईवे से टोल नाके हटाने के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। सदर थाना पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक सतवीर सिंह कर रहे हैं, जिन्होंने आज मौके पर पहुंचकर नक्शा मौका की कार्यवाही पूरी की।

# शाहबाद में 1.19 लाख पेड़ों की कटाई 'जीने के अधिकार' का हनन: एडवोकेट अन्सार इन्दौरी

मांगरोल (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। शाहबाद घाटी के सदियों पुराने सघन वन क्षेत्र में निजी पावर प्लांट के लिए 1,19,759 पेड़ों को काटने की अनुमति देना पूरी तरह से गैर-कानूनी और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यह तीखी प्रतिक्रिया मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस' के प्रदेश कन्वीनर एडवोकेट अन्सार इन्दौरी ने व्यक्त की है।

विकास के नाम पर 'स्थायी विनाश' का ढोंग

एक दिवसीय निजी प्रवास पर मांगरोल पहुंचे एडवोकेट इन्दौरी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि 100-200 वर्ष पुराने पेड़ों की कटाई केवल पर्यावरण का नुकसान नहीं, बल्कि लाखों लोगों के अस्तित्व को खतरे में डालना है। उन्होंने कहा, "शासक वर्ग निजी पावर प्लांट के नाम पर विकास का ढोंग रच रहा है, जबकि असल में यह क्षेत्र पर 'स्थायी विनाश' थोपा जा रहा है।" पेड़ों के कटने से न केवल ऑक्सीजन की कमी होगी, बल्कि श्वसन रोगों और कैंसर जैसी बीमारियों में भी भारी वृद्धि होगी।

जल संकट और भूखमरी की बढ़ेगी आशंका

अन्सार इन्दौरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शाहबाद के जंगल भूजल को रिचार्ज करने और बारिश लाने का मुख्य स्रोत हैं। इनके नष्ट होने से क्षेत्र में भयानक जल संकट और सूखे की स्थिति पैदा होगी। साथ ही, स्थानीय जनजातीय समुदाय जो अपनी आजीविका, औषधियां और भोजन जंगल से प्राप्त करते हैं, उनके सामने भूखमरी का संकट खड़ा हो जाएगा। वन्यजीवों और पक्षियों के आवास छिनने से जैव-विविधता स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी।

चिपको आंदोलन जैसी दी चेतावनी

इन्दौरी ने सरकार से मांग की है कि 'शाहबाद घाटी संरक्षण संघर्ष समिति' और स्थानीय लोगों के विरोध को अनसुना न किया जाए। उन्होंने शाहबाद संरक्षित वन अभ्यारण्य में पेड़ों की कटाई तत्काल बंद करने और सौर या पवन ऊर्जा जैसे विकल्पों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस



अन्याय पर रोक नहीं लगाई गई, तो स्थानीय निवासी 'चिपको आंदोलन' और 'खेजड़ी आंदोलन' जैसा उग्र स्वरूप अपना सकते हैं। उन्होंने आम नागरिकों से इस "राज्य प्रायोजित अपराध" के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

# नाई की थड़ी कब्रिस्तान भूमि मामला: हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और जेडीए को जारी किया नोटिस

**जयपुर (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। जयपुर के नाई की थड़ी क्षेत्र में कब्रिस्तान हेतु भूमि आवंटन का वर्षों से लंबित मामला अब राजस्थान हाईकोर्ट पहुंच गया है। 'नाई की थड़ी विकास संघर्ष समिति' द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने राज्य सरकार, जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) और अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।**

**4 साल से अटकी है प्रक्रिया, 1.32 हेक्टेयर भूमि है चिह्नित**

**याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से वकील मोहम्मद अरशद और वकील मोहम्मद इमरान ने प्रभावी पैरवी करते हुए अदालत को बताया कि ग्राम आमेर के खसरा नंबर 8398 में स्थित लगभग 1.32 हेक्टेयर भूमि कब्रिस्तान के लिए चिह्नित है। वर्ष 2022 में जेडीए की भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति (LPC) ने 10,000 वर्गमीटर**





**भूमि आवंटन का प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजा था, लेकिन तमाम औपचारिकताओं और विधायक की अनुशंसा के बावजूद अंतिम स्वीकृति आज तक जारी नहीं हुई है।**

**अवैध प्लॉटिंग और अतिक्रमण का खतरा**

**विशेष बात यह है कि वर्ष 2021 में जेडीए ने खुद यहां "कब्रिस्तान हेतु आरक्षित भूमि" का बोर्ड लगाया था। इसके बावजूद, आवंटन में हो रही देरी का फायदा उठाकर भू-माफियाओं द्वारा यहां अवैध अतिक्रमण और प्लॉटिंग की कोशिशें की जा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि क्षेत्र में बड़ी मुस्लिम आबादी होने के बावजूद पास में कोई कब्रिस्तान नहीं है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए दूर जाना पड़ता है। यह स्थिति नागरिकों के मौलिक और धार्मिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।**


**हाईकोर्ट द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए नोटिस जारी करने के बाद अब स्थानीय निवासियों में उम्मीद जगी है कि वर्षों पुरानी यह समस्या जल्द सुलझ जाएगी और क्षेत्र को कब्रिस्तान के लिए भूमि मिल सकेगी।**

# सोजत के प्रसिद्ध शायर अब्दुल समद 'राही' को मिलेगा 'अम्बेडकर कीर्ति सम्मान 2026'

सोजत (मोहम्मद यासीन)। मेहंदी नगरी सोजत के ख्यातनाम शायर, कवि, बाल साहित्य लेखक और वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल समद 'राही' को उनके साहित्यिक योगदान के लिए 'अम्बेडकर कीर्ति सम्मान 2026' से नवाजा जाएगा। यह घोषणा अखिल भारतीय कबीर मठ सद्गुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान, बड़ी खाटू के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत डॉ. नानक दास जी महाराज ने की है।

14 अप्रैल को रोहिणी में होगा भव्य सम्मान समारोह

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन, रोहिणी में आयोजित होने वाले द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय समारोह में यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। डॉ. अंबेडकर प्रतिमा अनावरण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण भी होगा।



# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के राज्य सचिव बने चौमूँ के डॉ. एन.के. अग्रवाल



चौमूँ (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) राजस्थान राज्य शाखा के हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। वर्ष 2026-28 के कार्यकाल के लिए गठित नई कार्यकारिणी में चौमूँ निवासी डॉ. एन.के. अग्रवाल को निर्वाची मुख्य आयुक्त द्वारा राजस्थान राज्य सचिव चुना गया है।

चिकित्सा जगत और समाज के बीच सेतु का करेंगे कार्य

नवनिर्वाचित राज्य सचिव डॉ. एन.के. अग्रवाल ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी चिकित्सा जगत की ज्वलंत समस्याओं के समाधान और डॉक्टरों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि आईएमए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ समाज और चिकित्सकों के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में अपनी भूमिका निभाती रहेगी। डॉ. अग्रवाल के राज्य सचिव बनने पर क्षेत्र के चिकित्सा जगत और स्थानीय निवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# डिम्पल टाक ने 10वीं बोर्ड में हासिल किए 97.17% अंक, सरस्वती ग्रामोत्थान स्कूल का रहा दबदबा



डिम्पल टाक



दिक्षा झटवाल



उज्ज्वल शर्मा

बींझबायला/श्रीगंगानगर (विनोद सोखल)। कस्बे के सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी ऐतिहासिक और उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय की मेधावी छात्रा डिम्पल टाक ने 97.17% अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय टॉप किया, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

प्रतिभाओं ने दिखाया दम: 9 विद्यार्थियों के 90% से अधिक अंक

परीक्षा परिणामों में विद्यालय की दिक्षा झटवाल ने 95.67% अंकों के साथ द्वितीय और उज्ज्वल शर्मा ने 95.60% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय का दबदबा इस कदर रहा कि कुल 9 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक और 25 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि जल्द ही इन सभी होनहारों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

कड़ी मेहनत और अनुशासन को दिया सफलता का श्रेय

संस्था निदेशक अनिल खालिया ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। सहनिदेशिका लेफ्टिनेंट अन्नपूर्णा न्योल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी है। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश खुडिया ने समस्त स्टाफ और अभिभावकों को बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# पिछली जन कल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रखे राज्य सरकार: SDPI ने उठाई मांग

कोटा (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) राजस्थान ने प्रदेश की वर्तमान सरकार से पूर्व में जारी जन कल्याणकारी योजनाओं को निर्बाध रूप से चलाने की मांग की है। पार्टी ने स्वास्थ्य, पेंशन और अन्य नागरिक सेवाओं में आ रही बाधाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

आमजन को हो रही भारी परेशानी: अशफ़ाक़ हुसैन

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अशफ़ाक़ हुसैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद से कोई भी नई जनहितकारी योजना लागू नहीं की गई है। इसके विपरीत, आम नागरिकों के लिए पहले से चल रही लाभकारी योजनाओं को एक-एक कर बंद या बाधित किया जा रहा है।

पेंशन और चिकित्सा सेवाओं पर संकट

अशफ़ाक़ हुसैन ने मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि आरजीएचएस (RGHS) के तहत फ्री दवाई वितरण में आ रही दिक्कतें और करीब 50 लाख पात्र पेंशनधारियों की पेंशन का रुक जाना प्रदेश के नागरिकों के लिए भारी संकट का सबब बन गया है।

मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील

एसडीपीआई ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से इस मामले में तुरंत ध्यान देने की मांग की है। पार्टी का



कहना है कि इन योजनाओं को पुनः सुचारू बनाया जाए ताकि प्रदेश की जनता को मिल रहा लाभ निरंतर जारी रह सके।

# नोबल्स स्कूल के छात्र अयान अंसारी ने 10वीं बोर्ड में गाड़े झंडे, हासिल किए 90.50% अंक

बारां (रॉयल पत्रिका ब्यूरो)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में 'नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस' के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए संस्थान का मान बढ़ाया है। उत्कृष्ट परिणाम आने पर स्कूल परिसर में जश्न का माहौल रहा और सफल विद्यार्थियों का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर इस्तकबाल किया गया।

प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

स्कूल संचालक अब्दुल मतीन ने बताया कि परीक्षा परिणामों में अयान अंसारी ने 90.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, छात्रा खुशी 90.17 प्रतिशत के साथ दूसरे और अलवीरा 89 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा उजमा



(85.70%), सीरत (83.83%) और फलक गोरी (82.17%) सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार अंक हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है।

बेहतर प्रबंधन और कड़ी मेहनत का परिणाम

हेड मास्टर इस्लामुद्दीन अंसारी ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के कठिन परिश्रम, विद्यार्थियों के साथ निरंतर संवाद और स्कूल के सिस्टेमेटिक मैनेजमेंट को दिया है। उन्होंने कहा कि इसी बेहतर शैक्षणिक माहौल की बदौलत स्कूल पिछले कई वर्षों से लगातार बेहतरीन परिणाम दे रहा है। इस अवसर पर मौलाना सलमान, अब्दुल रशीद, सद्दाम अंसारी, मास्टर वसीम, मोहम्मद कामिल, शाहिद हुसैन, सोहेल अहमद, शेर बानो, आलिमा रुखसार और मुस्कान मैडम सहित स्कूल स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

# चूरू रसद विभाग की बड़ी स्ट्राइक: 42 घरेलू गैस सिलेंडर और 32 डायरियां जब्त

चूरू (मोहम्मद अली पठान)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के सख्त निर्देशों पर बुधवार को जिला रसद विभाग की टीम ने गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। विभाग ने दबिश देकर 42 घरेलू गैस सिलेंडर और 32 गैस डायरियां जब्त की हैं।

ई-मित्र संचालक के घर मिली सिलेंडरों की खेप

जिला रसद अधिकारी (DSO) अंशु तिवाड़ी ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से मिली गुप्त सूचना के आधार पर राजलदेसर तहसील के सिमसिया बिदावतान में कार्रवाई की गई। यहां लिखमीचन्द पुत्र ईश्वरराम (जो एक ई-मित्र संचालक भी है) के घर पर छापेमारी की गई, जहां से भारी मात्रा में अवैध रूप से जमा किए गए 42 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए। इसके साथ ही मौके से प्लास्टिक की बोतलों में भरा 20 लीटर अवैध पेट्रोल भी जब्त किया गया है।

2 से 4 हजार रुपये में होती थी कालाबाजारी



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी इन सिलेंडरों को ऊंचे दामों पर शादी-विवाह समारोहों में सप्लाई करने के लिए जमा कर रहा था। जानकारी के अनुसार, जरूरतमंदों और शादी वाले परिवारों को यह सिलेंडर 2 हजार से 4 हजार रुपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से ब्लैक में बेचे जा रहे थे। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार और आशा कंवर सहित रसद विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। विभाग की इस कार्रवाई से कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव नहीं, जीवन में नई शुरुआत का प्रतीक: बागडे



जयपुर, (भाषा)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में नई शुरुआत का प्रतीक है। राज्यपाल बुधवार को हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्होंने गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा पूर्ण होने के बाद शिष्यों को सत्य, धर्म और विनम्रता का पालन करने की सीख दी जाती थी।समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बागडे ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्राप्त ज्ञान का अहंकार न करते हुए समाज के कल्याण के लिए उसका उपयोग करेंदीक्षांत समारोह में वर्ष 2024 एवं 2025 में अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 271 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 269 विद्यार्थी तथा 2 शोधार्थी शामिल हैं, जिन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 12 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 35 विद्यार्थियों को वरीयता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि विश्वास अर्जित करने का भी क्षण है। उन्होंने कहा कि यह जीवन का वह मोड़ है जहां से नई दिशा और जिम्मेदारी शुरू होती है। उन्होंने 1975 में लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाया गया, लेकिन सशक्त पत्रकारिता ने सत्य की रक्षा की।

## कांग्रेस नेतृत्व केरल में अगले मुख्यमंत्री का फैसला करेगा : चेन्निथला



अलप्पुझा (केरल), (भाषा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने कहा है कि केरल में कांग्रेस के पास राज्य का नेतृत्व करने में सक्षम कई नेता हैं और यही पार्टी की ताकत है, जबकि सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के पास मुख्यमंत्री पद के लिए केवल पिनराई विजयन का ही चेहरा है। चेन्निथला ने पीटीआई वीडियो सेवा को दिए एक साक्षात्कार के दौरान इस बात से इनकार नहीं किया कि वह मुख्यमंत्री पद के एक दावेदार हैं, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की पहली प्राथमिकता विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करना है और जीत के बाद पार्टी नेतृत्व यह तय करेगा कि अगला मुख्यमंत्री कौन होना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि पार्टी बिना मुख्यमंत्री पद के चेहरे के चुनाव क्यों लड़ रही है, कांग्रेस की कार्यकारी समिति के सदस्य ने कहा, हम किसी को भी मुख्यमंत्री के रूप में पेश नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के साथ हाल ही में हुई बैठक में सभी मुद्दों पर चर्चा की थी। अपने निर्वाचन क्षेत्र हरिपाद में चुनाव प्रचार करते हुए चेन्निथला ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) और राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्राथमिकता चुनाव जीतना है, और मुख्यमंत्री पद का फैसला बाद में किया जाएगा। जब चेन्निथला से पूछा गया कि क्या वह केरल के मुख्यमंत्री पद का दावेदार बनने की आकांक्षा रखते हैं, तो उन्होंने कहा, यह उम्मीदवारों की आकांक्षा का सवाल नहीं है। हमारे पास एक दर्जन नेता हैं जो राज्य का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। यही कांग्रेस पार्टी की ताकत है। उन्होंने कहा कि माकपा के पास केवल एक ही चेहरा है- पिनराई विजयन, जबकि कांग्रेस के पास ऐसे कई नेता हैं जो मुख्यमंत्री बनने के योग्य हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल और केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन उन्हें संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन देंगे, तो चेन्निथला ने कहा, हम इस मुद्दे पर बिल्कुल भी चर्चा नहीं कर रहे हैं, क्योंकि पार्टी आलाकमान इसपर फैसला लेगा।

## आज मतदान का अधिकार छीना जा रहा है अगली बार वे नागरिकता भी छीन लेंगे

### ममता बनर्जी



मैनागुड़ी (पश्चिम बंगाल), (भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर बुधवार को तीखा हमला करते हुए उनपर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यह चेतावनी दी कि उनका अगला कदम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के जरिए नागरिकता छीनने का प्रयास हो सकता है। बनर्जी ने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरुआत राजनीतिक रूप से अहम उत्तर बंगाल से करते हुए यह टिप्पणी की। उत्तर बंगाल एक ऐसा क्षेत्र है जो 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ बनकर उभरा है। जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से संवैधानिक संस्थानों का उपयोग लोगों के मतदान के अधिकारों को छीनने के लिए किया जा रहा है। बनर्जी ने चुनाव से पहले अपनी पहली बड़ी चुनावी रैली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, निर्वाचन आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार संविधान का पालन नहीं कर रहे और मतदान के अधिकार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें मध्यरात्रि को आजादी मिली थी और हमें इस पर गर्व है, लेकिन आज वे आजादी को भूल गए हैं। वे संविधान या लोकतंत्र का पालन नहीं कर रहे हैं। वे लोगों के मतदान के अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने कहा, आज वे मतदान के अधिकार छीन रहे हैंअ कल वे एनआरसी लाकर नागरिकता छीन लेंगे। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण से राजबंशी और महिलाओं के साथ-साथ कई समुदाय प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी के लिए महत्वपूर्ण समर्थन आधार बनाने वाली महिला मतदाताओं को लामबंद करने का प्रयास करते हुए कहा, राजबंशियों के नाम एसआईआर के जरिए हटा दिए गए हैं। महिलाओं के नाम भी हटाए जा रहे हैं। एक महिला का नाम हटाना, पूरे महिला वर्ग का नाम हटाने के समान है। बनर्जी ने दावा किया कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया ने पहले ही लोगों के बीच परेशानी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा, नवंबर में अभियान शुरू होने के बाद से बंगाल में एसआईआर के कारण 220 लोगों की मौत हो चुकी है।

## न्यायालय ने वंदे मातरम् पर गृह मंत्रालय के परिपत्र के खिलाफ दायर याचिका खारिज की



नई दिल्ली,(भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से संबंधित गृह मंत्रालय के एक परिपत्र के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से बुधवार को इनकार करते हुए कहा कि यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मोहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका को समय से पहले दायर की गई याचिका बताया और इसे भेदभाव की अस्पष्ट आशंका पर आधारित करार दिया। नूरी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि वे देश के हर धर्म का सम्मान करते हैं, लेकिन अगर लोगों को उनके धर्म और आस्था की परवाह किए बिना यह गीत गाने के लिए बाध्य किया जाता है तो कुछ लोगों को यह निष्ठा के सामाजिक प्रदर्शन में भाग लेने की मजबूरी लग सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि क्या परिपत्र में राष्ट्रगीत नहीं गाने पर किसी दंडात्मक परिणाम का उल्लेख है या क्या किसी व्यक्ति को इसे नहीं गाने के कारण सभा से निकाला गया है। हेगड़े ने कहा, व्यवधान डालने की स्थिति में दंड का प्रावधान है।... भले ही कोई कानूनी दंड न हो लेकिन जो कोई इसे गाने या इसके गायन के दौरान खड़ा होने से इनकार करता है, उस पर हमेशा अत्यधिक दबाव होता है। क्या लोगों को परामर्श की आड़ में यह गीत गाने के लिए बाध्य किया जा सकता है? प्रधान न्यायाधीश ने हेगड़े से सवाल किया कि क्या याचिकाकर्ता को किसी को राष्ट्रगीत गाने के लिए बाध्य करने संबंधी कोई नोटिस भेजा गया है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, केंद्र सरकार के निर्देश के खंड पांच में किया जा सकता है कहा गया है। यह स्वतंत्रता जितनी राष्ट्रगीत गाने की है, उतनी ही उसे नहीं गाने की भी है। इसी वजह से यह कानूनी अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि यदि कोई दंडात्मक कार्वाई होती है या उसे कोई नोटिस दिया जाता है, तो वह अदालत का रुख कर सकता है। पीठ ने कहा कि फिलहाल यह याचिका भेदभाव की अस्पष्ट आशंका से अधिक कुछ नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण दिल्ली के छतरपुर में गोदाम में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली, (भाषा)। दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में बुधवार सुबह एक गोदाम में आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गोदाम में कपड़े और अत्यधिक ज्वलनशील सामान होने के कारण आग तेजी से फैली लेकिन इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी के अनुसार, दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह करीब 6:35 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की 11 गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### उत्तर पूर्वी दिल्ली में नाबालिग लड़के का शव मिला

नई दिल्ली, (भाषा)। उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में बुधवार तड़के एक पार्क में 17 वर्षीय लड़के का शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान जैद के तौर पर हुई है और वह इलाके का ही रहने वाला था। पुलिस को सूचना मिली थी कि पार्क में एक शव है जिसके बाद न्यू उस्मानपुर थाने की एक टीम जग प्रवेश चंद अस्पताल के पास स्थित डीडीए पार्क पहुंची और शव बरामद किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपराध और फॉरेंसिक दलों ने मौका-ए-वारदात का मुआयना किया और सबूत जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारण का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है और वारदात में शामिल लोगों का पता लगाने व उन्हें पकडने के लिए कई टीम गठित की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार



नई दिल्ली, (भाषा)। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के पास से विदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों और कारतूसों का जखीरा बरामद किया है जिसमें सब-मशीन गन, ऑटोमैटिक पिस्तौल और 200 कारतूस शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इस अभियान के दौरान कुल 21 आग्नेयास्त्र जब्त किए गए, जिनमें कई देशों से लाए गए उच्च श्रेणी के स्वचालित हथियार और पिस्तौल शामिल हैं। बरामद हथियारों में चेक गणराज्य निर्मित एक सब-मशीन गन और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय निर्माताओं द्वारा निर्मित पिस्तौलें शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जब्त हथियारों में विशेष बलों द्वारा उपयोग की जाने वाली पीएक्स-5.7 पिस्तौल, तुर्किए निर्मित स्टोएगर पिस्तौल, चीन की पीएक्स-3 पिस्तौल, चेक गणराज्य की शैडो सीजेड पिस्तौल, साथ ही इटली की बेरेटा, ब्राजील की टॉरस और जर्मनी की वाल्थर पिस्तौलें शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह मॉड्यूल एक संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा है, जो भारत में आपराधिक तत्वों को अवैध हथियारों की तस्करी और आपूर्ति में संलिप्त था। उन्होंने बताया कि आरोपी कथित तौर पर पड़ोसी देशों में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय हैंडलरों और आपूर्तिकर्ताओं के संपर्क में थे।

### बंगाल में नमाज की पूरी आजादी है लेकिन पूजा आयोजित करने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है: नितिन नवीन

कोलकाता, (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल में धार्मिक गतिविधियों की अनुमति को लेकर 'दोहरे मानदंडे अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि राज्य में नमाज अदा करने की पूरी आजादी है लेकिन पूजा आयोजित करने या पंडाल लगाने के लिए अदालत से अनुमति लेनी पड़ती है।नवीन ने कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पत्रकारों से कहा कि यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा, यहां नमाज अदा करने की अनुमति है लेकिन पूजा करने और पंडाल लगाने के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति मांगनी पड़ती है।नवीन ने कहा, मैंने दक्षिणेश्वर में पूजा की और राज्य के लोगों के कल्याण तथा विकसित बंगाल एवं सोनार बांग्ला के निर्माण के लिए देवी से प्रार्थना की।

## मध्यप्रदेश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : गोविंद सिंह



भोपाल, (भाषा)। मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुधवार को कहा कि राज्य में पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं है और लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।उन्होंने कहा, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। डिपो से उनकी निरंतर आपूर्ति हो रही है। लोग घबराकर खरीदारी या भंडारण न करें। मंत्री ने बताया कि अफवाहों के कारण कुछ जिलों में पेट्रोल पंप पर कतारें देखी गई।राजपूत ने कहा कि तेल कंपनियों ने जानकारी दी है कि राज्य में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार है और उनकी कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।उन्होंने बताया कि भोपाल में स्थित राज्य नियंत्रण कक्ष और प्रशासन स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सरकारी तेल कंपनियों ने भी बुधवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें।

## कांग्रेस को अकबर रोड, रायसीना रोड स्थित कार्यालयों को खाली करने का नोटिस मिला: सूत्र

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कांग्रेस को अकबर रोड और रायसीना रोड स्थित कार्यालयों को खाली करने का नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय के संपदा विभाग ने 24 अकबर रोड और 5 रायसीना रोड स्थित कार्यालयों को 28 मार्च तक खाली करने का नोटिस दिया है। कांग्रेस का मुख्यालय 1978 से 24 अकबर रोड पर था, लेकिन अब यह 9ए कोटला मार्ग स्थानांतरित हो चुका है। पार्टी अकबर रोड स्थित अपने पुराने मुख्यालय का इस्तेमाल एक कार्यालय के रूप में कर रही है। कांग्रेस के दो अग्रिम संगठनों भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई का मुख्यालय 5 रायसीना रोड पर है।

## तृणमूल ने मुस्लिम वोट तो हासिल कर लिए लेकिन समुदाय के लिए कुछ नहीं किया : ओवैसी



कोलकाता, (भाषा)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने मुस्लिम वोट तो हासिल कर लिए लेकिन समुदाय के लिए कुछ नहीं किया। ओवैसी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीति ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उभरने में मदद की। ओवैसी ने कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और उनकी पार्टी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ हाथ मिलाया है ताकि जनता को वह विकल्प प्रदान किया जा सके जिसकी उन्हें तलाश है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा, लगभग पांच लाख ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। इनमें से कई मुस्लिम परिवारों से थे। क्या यह कोई मुद्दा नहीं है? उन्होंने कहा, यहां की आबादी में मुसलमानों की संख्या लगभग 30 प्रतिशत है। सरकारी नौकरियों में उनका प्रतिनिधित्व कितना है? केवल सात प्रतिशत। कितने मुस्लिम बच्चे स्कूल से बाहर हैं? कितने मुस्लिम लड़के-लड़कियां स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं? ओवैसी ने आरोप लगाया कि ए प्रयास दिखावा ही रहे और राज्य में समुदाय के लिए वास्तविक विकास में तब्दील नहीं हुए। उन्होंने पूछा, ईद के दिन नमाज अदा करने से क्या मेरा पेट भरता है? क्या इससे मेरे घर में रोशनी होती है? क्या इससे मेरे बच्चों का भविष्य सुरक्षित होता है? हैदराबाद से सांसद ने दावा किया कि बनर्जी की राजनीति ने अप्रत्यक्ष रूप से राज्य में भाजपा को अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद की है उन्होंने कहा, बंगाल में भाजपा के तीन विधायक कब जीते थे? 2016 में ना? अब उनके पास 77 विधायक हैं।

## माकपा नीत एलडीएफ और भाजपा में साठगांठ : राहुल



कोझिकोड (केरल), (भाषा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच साठगांठ है। राहुल ने केंद्रीय एजेंसियों द्वारा मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में कथित तौर पर कोई कार्वाई नहीं किए जाने की ओर भी इशारा किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने कहा कि केरल विधानसभा चुनावों में केवल दो ही पक्ष चुनाव लड़ रहे हैं। पहला कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) है और दूसरी ओर एलडीएफ-भाजपा की साझेदारी है। विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार पर निशाना साधते हुए गांधी ने केरल में मादक पदार्थों के मुद्दे को एक बड़ी समस्या के रूप में उजागर किया। यहां कोझिकोड बीच पर यूडीएफ के एक कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने शबरिमला से कथित तौर पर सोने के गबन का मुद्दा भी उठाया, और दावा किया कि वहां से कीमती धातु चोरी हो गई और इस संबंध में माकपा के नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पूछा, जो सरकार भगवान अय्यप्पा का सम्मान नहीं करती, वह केरल की जनता का सम्मान कैसे कर सकती है? गांधी ने कहा कि केरल में एलडीएफ की नीतियों को भाजपा की नीतियों से अलग नहीं किया जा सकता।

## बलात्कार के मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक पठानमाजरा गिरफ्तार

पटियाला (पंजाब),(भाषा)। बलात्कार के एक मामले में पिछले साल सितंबर से फरार आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पटियाला में गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सनौर से निर्वाचित और पहली बार विधायक बने पठानमाजरा पिछले साल सितंबर में दर्ज बलात्कार के मामले में वांछित थे। उन्होंने बताया कि पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यहां सिविल लाइंस थाने में पठानमाजरा के खिलाफ दुष्कर्म, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी देने के आरोप में एक सितंबर 2025 को मामला दर्ज किया था। यह मामला जीरकपुर की एक महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया था जिसने आरोप लगाया था कि विधायक ने खुद को तलाकशुदा बताकर उसके साथ संबंध बनाए और पहले से विवाहित होने के बावजूद 2021 में उससे शादी की। महिला ने विधायक पर उसका लगातार यौन शोषण करने, उसे धमकाने और उसे अश्लील सामग्री भेजने का आरोप लगाया है। आप विधायक को इस मामले में पेश नहीं होने पर भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। पठानमाजरा बलात्कार के मामले में दो सितंबर से फरार थे। पंजाब पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जब हरियाणा के करनाल गई थी, तब वह भाग निकले थे। पुलिस ने तब दावा किया था कि वह करनाल जिले के डाबरी गांव में अपने एक रिश्तेदार के घर पर थे और जब पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची तो विधायक के समर्थकों ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की थी और पथराव किया था।

## वर्ष 2030 तक 700 अरब डॉलर का होगा भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र: रिपोर्ट

नई दिल्ली,(भाषा)। भारत का स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र वर्ष 2030 तक 700 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, लेकिन इसके लिए पैसा जुटाने की व्यवस्था अब भी बेहद बिखरी हुई और कमजोर है। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, देश में इलाज के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा आज भी लोगों को अपनी जेब से ही भरना पड़ता है। प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस और नैटहेल्थ की संयुक्त रिपोर्ट इंडिया हेल्थ फाइनेंसिंग पोजिशन पेपर 2026 यानी भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पैसा जुटाने की मौजूदा स्थिति पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय स्वास्थ्य सेवा का मूल्य लगभग 300 अरब डॉलर था, जिसके 2030 तक 700 अरब डॉलर होने का अनुमान है।रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर की बीमारियों का 20 प्रतिशत बोझ यानी हर पांचवां मरीज भारत में है, लेकिन वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य पर होने वाले कुल खर्च में भारत की हिस्सेदारी महज एक प्रतिशत है।स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 2035 तक 200 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की आवश्यकता है। निवेश किए गए हर 10 लाख डॉलर से 23-27 नए रोजगार पैदा होते हैं।रिपोर्ट बताती है कि भारत में इलाज के कुल खर्च का 44 प्रतिशत हिस्सा आउट-ऑफ-पॉकेट यानी अपनी जेब से दिया जाता है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। लगभग 43 करोड़ भारतीय किसी भी प्रभावी बीमा कवर से बाहर हैं।इसके मुताबिक, भारत में प्रति।,000 लोगों पर केवल 0.9 चिकित्सक और 1.6 बिस्तर उपलब्ध हैं। 2035 तक देश को 10 लाख चिकित्सकों और 14.5 लाख अतिरिक्त बिस्तर की जरूरत होगी।नैटहेल्थ की अध्यक्ष और मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लि. की प्रवर्तक एवं कार्यकारी चेयरपर्सन अमीरा शाह ने कहा, बिना स्वस्थ भारत के विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकत और उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की सूरत बदलने के लिए निजी व सरकारी क्षेत्र की भागीदारी यानी मिलकर काम करने पर जोर दिया।

» दुनिया भर की बीमारियों का 20 प्रतिशत बोझ यानी हर पांचवां मरीज भारत में है, लेकिन वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य पर होने वाले कुल खर्च में भारत की हिस्सेदारी महज एक प्रतिशत है

## तेजाब हमला पीड़ितों की पहचान को सुरक्षित रखने वाला विधेयक विधान परिषद में पारित

मुंबई, (भाषा)। महाराष्ट्र विधान परिषद ने बुधवार को सर्वसम्मति से भारतीय न्याय संहिता (महाराष्ट्र संशोधन) विधेयक 2026 पारित कर दिया।इस संशोधन के तहत शक्ति विधेयक में तेजाब हमलों की पीड़िताओं की पहचान की सुरक्षा और ऑनलाइन यौन उत्पीड़न के मामलों में कारावास सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल किए गए हैं। यह विधेयक पहले राज्य विधानसभा द्वारा पारित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में कहा कि शक्ति विधेयक राज्य विधानसभा द्वारा 2020 में पारित किया गया था और राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए केंद्र को भेजा गया था।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने बाद में इसे वापस भेज दिया था।फडणवीस गृह विभाग के प्रमुख भी हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार को सूचित किया गया था कि केंद्र सरकार तत्कालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के प्रावधानों को मिलाकर एक समान कानून बना रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) जुलाई 2024 में लागू हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या महाराष्ट्र के संबंध में बीएनएस में संशोधन अब भी आवश्यक हैं। फडणवीस ने बताया कि एक समिति का गठन यह आकलन करने के लिए किया गया था कि प्रस्तावित शक्ति कानून के सभी प्रावधान, जिनमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है, बीएनएस में शामिल किए गए हैं या नहीं।उन्होंने बताया कि समिति के सुझाव के बाद भारतीय न्याय संहिता (महाराष्ट्र संशोधन) विधेयक 2026 में दो प्रावधान जोडे गए हैं।



# सान्या मल्होत्रा

## ने शुरू की 'सुंदर पूनम' की शूटिंग, वास्तविक घटना से प्रेरित है फिल्म!

बॉलीवुड में इन दिनों ऐसी फिल्मों का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है, जिनका कटेंट दमदार हो। दर्शक अब सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि ऐसी कहानियां भी देखना चाहते हैं जो उन्हें भावनात्मक रूप से जोड़ सकें। इसी कड़ी में सान्या मल्होत्रा की आने वाली रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'सुंदर पूनम' की चर्चा जोरों पर है। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसे लेकर फैंस में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सान्या मल्होत्रा ने इस खास मौके की झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। उन्होंने फिल्म की शुरुआत करने से पहले मुहूर्त पूजा की और इसकी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक छोटा सा कैप्शन लिखा- 'सुंदर पूनम फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है।'इस फिल्म का निर्देशन पुलकित कर रहे हैं। वहीं फिल्म में सान्या के साथ आदित्य रावल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट प्राइम वीडियो के 2026 के स्लेट का हिस्सा है।हाल ही में फिल्म मेकर्स ने 'सुंदर पूनम' का फर्स्ट लुक वीडियो जारी किया था, जिसमें सान्या मल्होत्रा दुल्हन बनी नजर आई। वीडियो में देखा जा सकता है कि सान्या के किरदार पूनम का फोन लगातार रिंग हो रहा है, जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहे हैं। आखिर में दुल्हन बनी सान्या मुस्कुराती है और इसके बाद एक खबर की आवाज सुनाई देती है कि एक शादीशुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो 'सुंदर पूनम' में लव स्टोरी के साथ-साथ सस्पेंस और क्राइम का तड़का भी देखने को मिलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक वास्तविक घटना से प्रेरित है। कहा जा रहा है कि यह 2025 में सामने आए एक चर्चित हनीमून मर्डर केस पर आधारित हो सकती है, जिसमें शादी के तुरंत बाद एक कारोबारी की हत्या कर दी गई थी।इस फिल्म में एक नया शादीशुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। इस दौरान उनके अचानक लापता होने की खबर सामने आती है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा हैरान करने वाला सच भी सामने आता है। फिल्म की कहानी दर्शकों को चौंका देगी।

## आसान नहीं था टीवी से बॉलीवुड का सफर

# उल्का गुप्ता



एक्टिंग इंडस्ट्री में हर कलाकार की जर्नी अलग होती है। कुछ लोग फिल्मों के जरिए पहला कदम रखते हैं तो कुछ टीवी से अपने करियर की शुरुआत करते हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म में पहचान बनाकर दूसरे प्लेटफॉर्म में पैर जमाना आसान नहीं होता। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों में कदम रखना चुनौती भरा अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी और धीरे-धीरे फिल्मों में पहचान बनाने लगी। उल्का गुप्ता ने एक इंटरव्यू में अपने करियर के अब तक के सफर को याद किया। उल्का गुप्ता ने कहा, ''टीवी से फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने कई सालों तक छोटे पर्दे पर काम किया है और अभिनय की बारीकियां सीखी हैं, लेकिन जब फिल्मों में आने की बारी आई तो मुझे कई ऑडिशन्स से गुजरना पड़ा और खुद को साबित करना पड़ा। आज मैं जहां खड़ी हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है।''बता दें कि उल्का गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय टीवी शो 'झांसी की रानी' से की थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के किरदार 'मणिकर्णिका' की भूमिका निभाई थी। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो को लेकर उन्होंने कहा, ''इस शो ने मेरे करियर को एक मजबूत नींव दी है और मेरी एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है।'' उन्होंने अपना फिल्मी सफर 'सिम्बा' से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने एक्टर रणवीर सिंह की बहन का रोल निभाया था। 'केरल स्टोरी 2' फिल्म में उन्होंने 'सुरेखा' का किरदार निभाया।इसे लेकर उन्होंने कहा, ''फिल्में समाज का आईना होती हैं। समाज में जो कुछ भी घटित होता है, वही फिल्मों के जरिए दिखाया जाता है। फिल्में समाज की सच्चाई को सामने लाती हैं और कई बार समस्या का हल भी दिखाने की कोशिश करती हैं।''

# अदिति राव हैदरी

## ने फैशन डिजाइन में रखा पहला कदम, सत्य पॉल के साथ पेश किया कलेक्शन



सत्य पॉल ने लकमे फैशन वीक में अदिती राव हैदरी के साथ मिलकर एक खास कलेक्शन पेश किया। यह अदिति का फैशन डिज़ाइन में पहला कदम है, जहाँ उन्होंने सह-रचनात्मक निदेशक के रूप में काम किया। इस कलेक्शन में चमकीले रंग, सुंदर चित्रकारी और आधुनिक डिज़ाइन का मेल है। इसमें अलग-अलग तरह के कपड़े शामिल हैं, जो आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी के हिसाब से बनाए गए हैं और हर मौके पर आसानी से पहने जा सकते हैं। कलेक्शन में सत्य पॉल की पहचान–रंगों और प्रिंट–को ध्यान में रखते हुए व्याध-पतंग (ड्रैगनफ्लाई), फूल और अमूर्त डिज़ाइन जैसे रूपों का उपयोग किया गया है। ये डिज़ाइन कपड़ों पर छपाई, सजावट और हल्के काम के रूप में दिखते हैं। इस कलेक्शन को इस तरह बनाया गया है कि इसे अलग-अलग तरीकों से पहना जा सके। पारंपरिक साड़ी के साथ आधुनिक कपड़ों जैसे हल्के पारदर्शी जैकेट और लंबे ढीले कोट को जोड़कर नया और आकर्षक रूप दिया गया है। अदिति राव हैदरी ने कहा कि यह कलेक्शन उनके लिए बहुत खास अनुभव रहा। इसमें उन्होंने अपनी पसंद–कला, रंग और कहानी–को खुलकर दिखाया। उनके अनुसार, यह कलेक्शन सरल, स्वाभाविक और उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है, जहाँ नारीत्व की कोमलता और ताकत दोनों साथ हैं। सत्य पॉल के रचनात्मक निदेशकों ने कहा कि अदिति के साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। उनके नए विचार और रंगों की समझ इस कलेक्शन में साफ दिखाई देती है। इस सहयोग के जरिए साड़ी को नए और आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया गया है, जबकि उसकी पारंपरिक सुंदरता को भी बनाए रखा गया है।

## बालाजी टेलीफिल्म्स, एलिप्सिस एंटरटेनमेंट, सुधीर चौधरी और विष्णु वर्धन एक बड़ी राजनैतिक थ्रिलर फिल्म द टेरर रिपोर्ट के लिए आए एक साथ आए




पत्रकारिता और सिनेमा के इस अनूठे मेल में, बालाजी टेलीफिल्म्स और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट ने प्रसिद्ध समाचार पत्रकार सुधीर चौधरी की कंपनी एस्प्रिट प्रोडक्शंस के साथ साझेदारी की है। शेरशाह जैसी सफल फिल्म बनाने वाले विष्णु वर्धन इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित होगी, जिसमें भारत पर हुए आतंकी हमलों और देश की ओर से किए गए कड़े पलटवार को दिखाया जाएगा।द साबरमती रिपोर्ट की अगली कड़ी के रूप में, यह फिल्म सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लंबी लड़ाई को विस्तार से दिखाएगी। इसमें जांच की पेचीदगियों, खुफिया अभियानों और देश की सुरक्षा से जुड़ी हालिया बड़ी घटनाओं को गहराई से पिरोया गया है।इस प्रोजेक्ट में बालाजी और एलिप्सिस की रचनात्मक ताकत, सुधीर चौधरी का पत्रकारिता का अनुभव और विष्णु वर्धन की बेहतरीन निर्देशन शैली एक साथ नजर आएगी। इसके निर्माता एकता कपूर, शोभा कपूर, तनुज गर्ग, अतुल कसबेकर और सुधीर चौधरी हैं।

# सिद्धांत चतुर्वेदी

## ने शेयर किया अपना स्टाइल मंत्र, कहा- नेचुरल रहना ही है असली स्वैग



आज के दौर में जहां सोशल मीडिया हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। कलाकारों पर भी हर समय 'परफेक्ट' दिखने का मनोवैज्ञानिक दबाव रहता है। हालांकि, अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की सोच इससे अलग है। वे अभिनय को सर्वोपरि मानते हैं और अन्य दिखावे की चीजों को सेकेंडरी रखते हैं। इस कड़ी में उन्होंने फैशन और एक्टिंग को लेकर अपने दिल की बात साझा की। आईएएनएस से बात करते हुए सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, ''मुझे फैशन को लेकर किसी तरह का दबाव महसूस नहीं होता। मेरा असली फोकस हमेशा से एक्टिंग पर रहा है और वही मेरी पहचान है। मैंने इंडस्ट्री में कदम ही एक्टर बनने के लिए रखा था और आज जब मुझे वह मौका मिल गया है, तो वही मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।'' सिद्धांत ने कहा, ''फैशन मेरे लिए कोई अलग से करने वाली चीज नहीं है। फिल्मों में मुझे अच्छे कपड़े पहनने को मिलते हैं और वही मेरा स्टाइल बन जाता है। मुझे फैशन को लेकर ज्यादा सोचना नहीं पड़ता, मैं परफेक्ट दिखने के दबाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने देता।''फैशन को लेकर अपनी सोच जाहिर करते हुए सिद्धांत ने कहा, ''मेरे हिसाब से सबसे ज्यादा स्टाइलिश वही इंसान होता है जो ज्यादा सोचता नहीं है और थोड़ा रिलैक्स रहता है। असली स्टाइल किसी के कपड़ों से नहीं, बल्कि पर्सनैलिटी से झलकता है। जब इंसान खुद जैसा रहता है, तो उसका आत्मविश्वास ही उसका स्वैग बन जाता है।''उन्होंने कहा, ''अगर कोई व्यक्ति फैशन को लेकर जरूरत से ज्यादा सोचने लगता है, तो वह दूसरों जैसा बनने की कोशिश करने लगता है। इससे उसकी अपनी पहचान कहीं खो जाती है। फैशन में सबसे जरूरी है नेचुरल रहना और खुद को एक्सप्रेस करना, ना कि किसी ट्रेंड के पीछे भागना।''



## आज की फिल्मों में इमोशन्स गायब हो गए हैं

# इमरान खान

आज के समय में फिल्म इंडस्ट्री तेजी से बदल रही है। हर हफ्ते नई फिल्में रिलीज हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद कई दर्शकों को लगता है कि फिल्मों में पहले जैसी बात नहीं रही। सोशल मीडिया पर भी इस बात को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है कि आज की फिल्मों में मनोरंजन तो है, लेकिन दिल से जुड़ाव कम हो गया है। इसी मुद्दे पर अब अभिनेता इमरान खान ने भी अपनी राय खुलकर रखी है। इमरान खान ने एक बातचीत के दौरान कहा कि आजकल ज्यादातर फिल्में सिर्फ पैसे कमाने के लिए बनाई जा रही हैं। सीक्वल फिल्मों की भरमार है, जिनका पहले की कहानी से ज्यादा संबंध नहीं होता। हर हफ्ते एक्शन फिल्में आ रही हैं, लेकिन पहले की तरह दिल को सुकून देने वाली फिल्में कम हो गई हैं। आजकल की फिल्मों से इमोशन्स गायब हो गए है ।

## सात समंदर पार 'धुरंधर' का डंका



आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' को ज्यादातर लोगों ने सिनेमाघरों में जाकर देख ही ली है, और जिन्होंने नहीं देखी, उन्होंने इसका फेमस टाइटल ट्रैक 'ना दिल दे परदेसी नूं' तो जरूर सुना होगा। फिल्म की वैश्विक लोकप्रियता से तो ज्यादातर लोग वाकिफ थे, लेकिन अब इस गाने ने वैश्विक स्तर पर नई लोकप्रियता हासिल कर ली है। दरअसल, हाल ही में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में एनबीए मैच के दौरान फिल्म का टाइटल ट्रैक 'ना दिल दे परदेसी नूं' बजाया गया। मैच शुरू होने से ठीक पहले मशहूर डांस ग्रुप 'भांगड़ा एम्पायर' ने इसी गाने पर शानदार परफॉर्मेंस दी।डांसर्स ने पारंपरिक पंजाबी कपड़े पहने हुए थे। वे रंग-बिरंगे कपड़ों में जोश के साथ भांगड़ा कर रहे थे। उनके मजेदार डांस और धुरंधर के धमाकेदार बीट्स से पूरा स्टेडियम गूंजा उठा। यह मैच गोल्डन स्टेट वॉरियर्स और मिलवॉकी बक्स के बीच खेला जा रहा था।'भांगड़ा एम्पायर' का डांस वीडियो काफी वायरल हो गया। कई लोग इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। इसी कड़ी में अभिनेता अर्जुन रामपाल, जिन्होंने फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ने भी वीडियो को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट किया।फिल्म का टाइटल ट्रैक 'ना दिल दे परदेसी नूं' 1995 के प्रसिद्ध पंजाबी लोकगीत 'जोगी' का रीमेक है। इस मूल गाने को चरणजीत आहूजा ने संगीतबद्ध किया था, जिसे मोहम्मद सादिक और रंजीत कौर ने गाया था और बाबू सिंह मान ने लिखा था। इस नए संस्करण को शाश्वत सचदेव ने कंपोज किया है और हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है।2000 के शुरुआती सालों में रिलीज हुआ गाना 'जोगी' पंजाबी लोक संगीत को हिप हॉप बीट्स और ग्लोबल रिदम के साथ जोड़ता है। उस समय यह एकदम नया और ताजा लगता था, जब फ्यूजन म्यूजिक इतना आम नहीं हुआ था।इस गाने ने उस समय सिर्फ ट्रेंड सेट नहीं किया था बल्कि, कई देशों में पहुंचकर कलाकारों को प्रेरित भी किया था। इसने दिखा दिया कि भारतीय संगीत अपनी जड़ों को बनाए रखते हुए भी पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो सकता है।

(साभार एजेंसी)

# ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा का इंडिया टीम में चयन



● साउथ अफ्रीका में टी-20 सीरीज खेलेंगी; सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा की एंट्री अब भारतीय महिला टी-20 क्रिकेट टीम में हो गई है। वह भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुनी गई हैं। अनुष्का पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल हुई हैं और पहली बार टीम के साथ विदेश दौरा भी करेंगी।

अनुष्का फिलहाल इंडिया ए के लिए खेल रही हैं और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में भी वह गुजरात जायंट्स के लिए चुनी जा चुकी हैं। ग्वालियर में मंगलवार को एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका सम्मान किया। इसके बाद वह भिंड में अपनी बुआ के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गईं। सीनियर टीम में चयन के बाद ग्वालियर में उनके परिवार और शहर में खुशी का माहौल है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ग्वालियर के पत्रकार बृजमोहन शर्मा की बेटी अनुष्का शर्मा का चयन हुआ है। अनुष्का एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं और इंडिया ए व डब्ल्यूपीएल में अपने बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनके चयन से पूरे शहर में उत्साह का माहौल है।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

मंगलवार को दतिया में कार्यक्रम के लिए सीएम ग्वालियर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट पर ही ग्वालियर की होनहार खिलाड़ी अनुष्का शर्मा से मुलाकात कर उनको बधाई देते हुए स्वागत किया। इस दौरान वहां अनुष्का के पिता बृजमोहन शर्मा अन्य परिजन मौजूद रहे। कलेक्टर ग्वालियर रूचिका चौहान ने भी अनुष्का से बातचीत कर उनकी तारीफ की है।

## वुमेन प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए मचा चुकी धमाल

डब्ल्यूपीएल यानि वूमेन प्रीमियर लीग में ग्वालियर की अनुष्का शर्मा ने धमाल मचाया है। पहले वह मध्य प्रदेश सीनियर टीम के लिए खेल रही थी, इसके बाद उनका चयन गुजरात जायंट्स (जीजी) ने 45 लाख रुपए में किया। अनुष्का गुजरात जायंट्स के लिए खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर चुकी हैं। ग्वालियर की वह पहली खिलाड़ी हैं, जो डब्ल्यूपीएल में खेल रही हैं। अब भारतीय राष्ट्रीय टीम में चयन के बाद उनके दोस्तों, परिवार और साथी खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। खुद अनुष्का का कहना है कि उन्हें इस चयन की उम्मीद थी, क्योंकि वह लगातार मैदान पर मेहनत कर रही थीं।

## कुलदीप यादव पत्नी वंशिका के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे

### पूजा-दर्शन करके 56 भोग अर्पित किए; शादी के बाद पहली बार वृंदावन आए

मथुरा (एजेंसी)। क्रिकेटर कुलदीप यादव ने पत्नी वंशिका के साथ वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन किए। वे मंगलवार शाम साढ़े 7 बजे मंदिर पहुंचे थे। दोनों ने देहरी (चौखट) पर इत्र लगाकर सेवा की। भगवान को 56 भोग अर्पित किए। शादी के बाद दोनों पहली बार मथुरा पहुंचे थे।



कुलदीप इतनी गुपचुप तरीके से वृंदावन पहुंचे कि किसी को इसकी भनक तक नहीं हुई। फोटो-वीडियो सामने आने के बाद बुधवार सुबह लोगों को इसकी जानकारी हुई। दोनों करीब 25 मिनट तक मंदिर में रहे। इस दौरान मंदिर के गार्ड उन्हें घेरकर खड़े रहे। मंदिर के सेवायत शैलेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कुलदीप के परिवार ने उनके आने की जानकारी दी थी। भीड़भाड़ से बचने के लिए इसे गोपनीय रखने को कहा था। मंदिर पहुंचने पर मैंने और नितिन सांवरिया ने पूजा-अर्चना कराई। इत्र देकर चौखट की पूजा करवाई। भगवान की प्रसादी माला भेंट की। करीब एक घंटे वृंदावन में रहने के बाद दोनों दिल्ली रवाना हो गए। गर्भ गृह के पास चंदन कोठरी पर पहुंचे कुलदीप और वंशिका को सेवायत लवेश गोस्वामी ने भगवान की प्रसादी माला पहनाई। पूजा के बाद पुजारी ने प्रसाद के रूप में कुलदीप को वॉल हैंगिंग और वंशिका को मोर पंनख लगी बांसुरी भेंट की।

### 14 मार्च को मसूरी में हुई थी शादी

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को मसूरी में शादी की थी। शादी में क्रिकेटर रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी पहुंचे थे। 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन पार्टी हुई थी। सीएम योगी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कुलदीप-वंशिका को आशीर्वाद दिया था।

# वनडे विश्व कप में खेल सकते हैं शाकिब अल हसन

● वापसी पर विचार कर रहा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हबीबुल बशर ने कहा है कि वह चाहते हैं कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन वापस वतन लौटकर कम से कम दो और वर्ष तक देश की तरफ से खेलें, जिसमें 2027 का वनडे विश्व कप भी शामिल है। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी के सदस्य रहे 38 वर्षीय शाकिब अपनी सरकार के पतन के बाद अमेरिका चले गए थे और अंतरिम सरकार ने उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने से रोक दिया था। लेकिन इस साल की शुरुआत में नई सरकार के गठन के बाद पद संभालने वाले बशर चाहते हैं कि शाकिब वापस वतन लौटकर फिर से देश की तरफ से खेलें।



बशर ने कहा कि शाकिब की वापसी पर विचार किया जा रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला में उन्हें टीम में रखना संभव नहीं हो पाएगा क्योंकि इसमें अब बहुत कम समय बचा है। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अब अधिक समय नहीं बचा है। मुझे पता नहीं है कि हाल में शाकिब ने कितनी क्रिकेट खेली है। उनके बारे में मैं जितना जानता हूं उसके आधार पर यह कह सकता हूं कि वह ऐसे खिलाड़ी नहीं है जो कल आकर ही खेलना शुरू कर दें। बशर ने क्रिकबज से कहा, उन्हें भी अभ्यास की जरूरत पड़ती है। इसमें भावनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। निश्चित तौर पर अगर हम शाकिब के बारे में सोच रहे हैं तो उन्हें लंबे समय तक टीम से जोड़ने के बारे में सोचेंगे। शाकिब ने संन्यास लेने से पहले अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट खेलने की इच्छा व्यक्त की है, लेकिन बशर ने कहा कि यह दिग्गज क्रिकेटर अभी भी कम से कम दो साल और खेल सकता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं सोच रहा कि शाकिब एक श्रृंखला में खेलने के लिए आए और फिर वापस लौट जाएं। अगर वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम चाहेंगे कि वह लंबे समय तक अपना योगदान देते रहें और इसके लिए तैयारी बहुत महत्वपूर्ण है। मैं चाहता हूं कि वह टीम से जुड़े और कम से कम 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक खेलें।

**मियामी ओपन**

## बेनसिक को हराकर कोको गॉफ की सेमीफाइनल में एंट्री



**मियामी (एजेंसी)।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेनसिक को हराकर मियामी ओपन 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गॉफ ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह मैच अपने नाम किया।

**शानदार वापसी कर जीता मैच** - मैच में गॉफ ने पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे सेट की शुरुआत में भी वह पीछे चल रही थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से जीत लिया। यह मैच काफी रोमांचक रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं।

**मैच के बाद गॉफ का बयान** - जीत के बाद गॉफ ने कहा, यह एक मुश्किल मैच था। बेलिंडा एक मजबूत खिलाड़ी हैं। जब भी हम खेलते हैं, मैच लंबा चलता है। आज मुझे बहुत दौड़ना पड़ा, कुछ बार मैं गिरी भी, लेकिन जिस तरह से मैंने संघर्ष किया, उस पर मुझे गर्व है। इस पूरे हफ्ते मेरा यही मूलमंत्र रहा है।


**सेमीफाइनल में मुचोवा से भिड़ंत** - अब सेमीफाइनल में कोको गॉफ का मुकाबला चेक गणराज्य की स्टार खिलाड़ी करोलीना से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।

# बेन डकेट ने आईपीएल से नाम वापस लिया

● 2 साल के बैन का खतरा, सीएसके ने एलिस की जगह जॉनसन को किया शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आईपीएल 2026 से नाम वापस ले लिया है। खराब फॉर्म के बीच अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया। हालांकि, आखिरी समय पर हटने के कारण उन्हें आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पिछले साल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर सख्ती करने का फैसला किया था।

वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें चोटिल नाथन एलिस की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर साइन किया गया है। एलिस



पुरानी हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

**डीसी ने 2 करोड़ में खरीदा था, पथुम निसांका से मिल रही थी चुनौती-** दिसंबर में हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। डकेट पहली बार आईपीएल खेलने वाले थे, लेकिन टीम में विदेशी खिलाड़ी के स्लॉट के लिए उन्हें श्रीलंका के पथुम निसांका से कड़ी टक्कर मिल रही थी। प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की न होने और फॉर्म के संकट को देखते हुए उन्होंने भारत आने के बजाय नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने का फैसला किया है।

**डकेट बोले- दिल्ली से माफी मांगता हूं, यह करियर के लिए जरूरी था-** 31 साल के डकेट ने 'द टेलीग्राफ' से बातचीत में कहा, यह बहुत कठिन फैसला था और मैं दिल्ली कैपिटल्स के सभी लोगों से माफी मांगता हूं। जब मुझे ऑक्शन में चुना गया था, तब मैं बहुत उत्साहित था। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है, लेकिन मैंने अपने करियर के बारे में बहुत सोचा और मुझे लगा कि अभी यही सही फैसला है।

### जॉनसन के लिए पिछला साल रहा था मुश्किल

जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके से जुड़े हैं। 30 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अब तक 5 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसके अलावा वह 71 टी20 मुकाबलों का अनुभव भी रखते हैं।

जॉनसन पहले भी आईपीएल का हिस्सा रह चुके हैं। वह 2024 में गुजरात टाइटंस और 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। 2024 सीजन में उन्होंने 5 मैचों में 4 विकेट लिए थे, जबकि 2025 में 4 मैचों में सिर्फ 1 विकेट हासिल कर सके। हालांकि, पिछले आईपीएल के बाद उन्हें बैक इंजरी हो गई थी, जिसके कारण वह बिग बैश लीग और 2026 टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर रहे। वहीं, पिछले साल आईपीएल के मिनी ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।

## इस साल होगा आईपीएल का सबसे बड़ा सीजन

### 84 मैच खेले जाएंगे, हर टीम 16 मुकाबले खेलेगी, 28 मार्च को शुरुआत

नईदिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। यह आईपीएल का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**चुनाव की वजह से पूरा शेड्यूल रिलीज नहीं हुआ-** अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें आईपीएल मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं। इसी वजह से 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया।

**10 टीमें हिस्सा लेंगी** - लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं।

### प्लेऑफ कब से होंगे?

अभी पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है, लेकिन बीसीसीआई ने इतनी जानकारी दे दी है कि फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस हिसाब से 26 मई को पहला क्वालिफायर, 27 मई को एलिमिनेटर और 29 मई को दूसरा क्वालिफायर खेला जा सकता है।

## केकेआर ने आंद्रे रसल के सम्मान में किया बड़ा ऐलान

**जर्सी नंबर 12 को रिटायर करने का फैसला**

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (च्यक्र) ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नंबर 12 को रिटायर



करने का फैसला किया है। रसल ने 2017 को छोड़कर 2014 से 2025 तक केकेआर का प्रतिनिधित्व किया। कुल मिलाकर रसल ने अपने 140 में 133 आईपीएल मुकाबले केकेआर के लिए खेला है। पिछले साल नवंबर में रसल ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था और रसल केकेआर के पावर कोच बन गए थे।


रसल ने कोचिंग की भूमिका अपनाने पर कहा, मुझे नहीं लगता इससे मेरे माइंडसेट में बदलाव आया है। मैंने जिनके साथ या जिनके ख़िलाफ़ खेला है, मुझे सभी खिलाड़ियों को अब वापस देना है। मुझे ऐसा करने में खुशी महसूस हो रही है। 2014 और 2024 में रसल केकेआर के दोनों खिताबी सीजन का हिस्सा रहे थे। हालांकि उन्होंने 2014 में मात्र दो मुकाबले खेले थे लेकिन 2024 में 15 मुकाबलों के दौरान उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन कर केकेआर की जीत में अहम भूमिका अदा की थी।

उस सीजन रसल ने 9 पारियों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे और 15.52 के गेंदबाज़ी औसत से 19 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल के इतर रसल ने 2014-15 में केकेआर के लिए चैंपियंस लीग में भी खेला था और उस सीजन केकेआर फाइनल तक पहुंची थी। रसल नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों, आईएलटी 20 में अबु धाबी नाइट राइडर्स और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने दोनों टीमों के लिए चार-चार सीजन खेले हैं।

## स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह बने रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह को यूपी सरकार ने रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया है। यह सम्मान उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन और हाल ही में 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहने के कारण दिया गया है। रिंकू की इस उपलब्धि से उनके फैंस और खेल जगत में खुशी की लहर है।

**रिंकू सिंह की संभावित सैलरी** -मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर रिंकू सिंह को करीब 70,000 से 80,000 रुपये तक की सैलरी मिल सकती है। हालांकि, यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। असली सैलरी सरकारी नियमों और भत्तों के आधार पर अलग हो सकती है।



**इसमें शामिल प्रमुख कार्य हैं**

- खेल मैदानों और सुविधाओं का रखरखाव
- राज्य सरकार की खेल योजनाओं को लागू करना
- नए और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करना
- खेल के स्तर को बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाना
- यह पद खेल के विकास और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पेट्रोलियम स्पोर्ट्स लगातार तीसरी बार बनी राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियन

**रायपुर, छत्तीसगढ़ (एजेंसी)।** में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय टीम शतरंज चैंपियनशिप में महिला वर्ग में पीएसपीबी नें अंतिम राउंड में मेरी गोम्स, पद्मिनी रॉउत, निशा मोहता और पृषिता गुप्ता की जीत के चलते 4-0



से तमिलनाडु को मात देते हुए 12 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर पहला स्थान हासिल किया जबकि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ ईंडिया नें आंध्र प्रदेश को 3-1 से हराकर 12 अंक बनाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया जबकि महाराष्ट्र को 4-0 से पराजित करते हुए पश्चिम बंगाल तीसरे 9 अंकों पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर तीन अन्य टीमों को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर आने में कामयाब रही। यह लगातार तीसरा साल रहा जब पीएसपीबी नें इस खिताब को अपने नाम किया है ध्यान देने वाली बात यह है की इस टीम में चार बार की राष्ट्रीय चैंपियन मेरी गोम्स और पाँच बार की राष्ट्रीय चैंपियन पद्मिनी रॉउत ने एक बार फिर अपने अनुभव से टीम को विजेता बनाया है। पुरुष वर्ग में आखिरी राउंड में रेलवे ए नें पांडीचेरी को 3.5-0.5 के बड़े अन्तर से पराजित करते हुए 16 मैच अंक और 26 गेम अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया, रेलवे ए की तरफ़ से हिमाल गुसेन, मित्रभा गुहा और श्याम निखिल नें जीत दर्ज की। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया नें मजबूत तमिलनाडु को 3.5-0.5 के बड़े अन्तर से मात दी, उनकी इस जीत में आदित्य डिंगरा, राहुल वीएस और साहिल दे का बड़ा योगदान रहा और टीम 15 मैच अंक और 25 गेम अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही वहीं अंतिम राउंड में रेलवे बी नें तमिलनाडु बी को 3-1 से मात दी और 14 मैच अंक और 26 गेम अंकों के साथ वह तीसरे स्थान पर रही। अन्य टीमों में तेलंगाना, केरलम, हरियाणा, उड़ीसा, तमिल नाडु बी, दिल्ली, उत्तराखंड क्रमशः चौथे से दसवें स्थान पर रही।

# ईरान को युद्धविराम प्रस्ताव मिला लेकिन तेहरान ने अमेरिका के साथ वार्ता के विचार को खारिज किया

**» दुबई, भाषा।**

**ईरान को युद्धविराम के संबंध में अमेरिका की ओर से पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए भेजा गया 15-सूत्री प्रस्ताव मिल गया है। पाकिस्तान के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह प्रस्ताव ऐसे समय भेजा गया जब अमेरिका ने पश्चिम एशिया में पहले से ही तैनात मरीन की एक टुकड़ी की सहायता के लिए पैराट्रूपर को भेजना शुरू कर दिया था। ईरान की सेना ने अमेरिका के कूटनीतिक प्रयासों का मजाक उड़ाया और इजराइल और फारस की खाड़ी क्षेत्र में बुधवार को और हमले किए। इनमें से एक हमले के कारण कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। पाकिस्तान के अधिकारियों ने बताया कि ईरान को युद्धविराम के संबंध में अमेरिका का 15-सूत्री प्रस्ताव मिल गया है।**

पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को व्यापक रूप से, प्रतिबंधों में राहत, असैन्य परमाणु सहयोग, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोके जाने, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी द्वारा निगरानी और फारस की खाड़ी के संकरे मुहाने होर्मुज जलडमरूमध्य से पोतों के आवागमन से संबंधित बताया। इन विवरणों को सार्वजनिक करने के लिए अधिकृत नहीं होने के कारण अधिकारियों ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को यह जानकारी अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर दी। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अंतरराष्ट्रीय नौवहन को बाधित कर दिया है जिसके कारण ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा पैदा हो गया है। इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में युद्ध में जीत का दावा करते हुए कहा कि ईरान परमाणु हथियार कभी नहीं रखने पर सहमत हो गया है और उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सौगात भेजी है। ट्रंप ने मंगलवार को ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि ईरान समझौता करने का इच्छुक है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व में पहले ही बड़े बदलाव हो चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरानी नेतृत्व ने होर्मुज जलडमरूमध्य और तेल की आपूर्ति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सौगात अमेरिका को दी है। ट्रंप ने कहा, तो मेरे लिए इसका एक ही मतलब है कि हम सही लोगों से बातचीत कर रहे हैं। नहीं, यह (तोहफा) परमाणु हथियार से जुड़ा नहीं है। यह तेल और गैस से जुड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध जीत लिया गया है। ट्रंप ने कहा, हमने उन्हें तबाह कर दिया। उनकी परमाणु क्षमता को बिल्कुल तबाह कर दिया। अगर हमने (बी-2 बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल करते हुए) हमला नहीं किया होता तो उस हमले के दो हफ्ते बाद उनके पास परमाणु हथियार होता। वे निश्चित रूप से उसका इस्तेमाल करते और वे उसका इस्तेमाल इजराइल समेत पूरे पश्चिम एशिया में करते। ट्रंप के इस बयान के बाद ईरान की सेना के एक प्रवक्ता ने युद्धविराम समझौते से जुड़े अमेरिकी प्रयासों का बुधवार को मजाक उड़ाया जिससे यह सवाल उठने लगे कि क्या अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 15 सूत्री योजना के सफल होने की कोई संभावना है। ईरान की नियमित सेना और अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड की संयुक्त रूप से कमान संभालने वाले खातम अल-अन्बिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फाघारी ने 15-सूत्री योजना को मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपे जाने के बाद यह टिप्पणी की। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी अधिकारी इस योजना पर ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं लेकिन सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में जुल्फाघारी ने इस बात का संकेत दिया कि कोई बातचीत नहीं हो रही। उन्होंने कहा, क्या आपके आंतरिक मतभेद इस हद तक पहुंच गए हैं कि आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं? जुल्फाघारी ने कहा, पहले दिन से ही हमारी पहली और आखिरी बात यही रही है और यही रहेगी हम जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे। न अभी, न कभी।



## ट्रंप प्रशासन ने ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम योजना की पेशकश की

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने ईरान को 15-सूत्रीय युद्धविराम योजना की पेशकश की है। इस घटनाक्रम से अवगत एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि युद्धविराम योजना पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपी गई। पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में मध्यस्थता की पेशकश की है। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब अमेरिका की सेना 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से कम से कम1,000 और सैनिकों को तैनात की तैयारी कर रही है ताकि क्षेत्र में पहले से मौजूद करीब 50,000 सैनिकों को और बल मिल सके। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने की वकालत कर रहे इजराइली अधिकारी अमेरिकी प्रशासन द्वारा युद्धविराम योजना सौंपे जाने से हैरान हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अतिरिक्त सैनिक एवं मरीन भेज रहा है, ऐसे में युद्धविराम योजना के प्रस्ताव को ट्रंप की ऐसी रणनीति के तौर पर पेश किया जा रहा है कि भविष्य में क्या कदम उठाना है, इसे लेकर वह अपने विकल्प खुले रखना चाहते हैं।


### ईरान के खिलाफ युद्ध जीत लिया गया : ट्रंप

## ईरान परमाणु हथियार न रखने पर सहमत हुआ, अमेरिका को बड़ा तोहफा भेजा : ट्रंप

**» वाशिंगटन, भाषा।**

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में युद्ध में जीत का दावा करते हुए कहा कि ईरान परमाणु हथियार कभी नहीं रखने पर सहमत हो गया है और उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सौगात भेजी है। ट्रंप ने मंगलवार को ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि ईरान समझौता करने का इच्छुक है और उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, पश्चिम एशिया के मामलों के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर इस बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व में पहले ही बड़े बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने कहा, असल में यह वही है, जिसे हम सत्ता परिवर्तन कह सकते हैं।**

आप जानते हैं कि यह सत्ता परिवर्तन है क्योंकि अब सत्ता में बैठे लोग उन लोगों से बिल्कुल अलग हैं, जिनके साथ हमने शुरुआत की थी और जिन्होंने वे सारी समस्याएं पैदा की थीं। इससे पहले, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए मंगलवार को कहा था कि उनका देश अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त कराने के लिए सार्थक और निर्णायक वार्ता की मध्यस्थता के लिए तैयार है। इसके कुछ घंटों बाद ट्रंप ने शरीफ की पोस्ट को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर साझा किया था। ट्रंप ने नए गृह मंत्री के रूप में मार्कवेन मुलिन के शपथ ग्रहण समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं पहले से यह नहीं कहना चाहता लेकिन वे इस बात पर सहमत हो गए हैं कि वे कभी परमाणु हथियार नहीं रखेंगे। ट्रंप ने कहा कि ईरानी नेतृत्व ने होर्मुज जलडमरूमध्य और तेल की आपूर्ति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सौगात अमेरिका को दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे समझौता करने जा रहे हैं। उन्होंने कल कुछ ऐसा किया जो वास्तव में हैरान करने वाला था। उन्होंने हमें एक तोहफा दिया और वह तोहफा आज पहुंच गया। वह बहुत बड़ा तोहफा है जिसकी कीमत बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा, मैं आपको यह नहीं बताऊंगा कि वह तोहफा क्या है, लेकिन वह बहुत बड़ी सौगात है। ट्रंप ने कहा, तो मेरे लिए उसका एक ही मतलब है कि हम सही लोगों से बातचीत कर रहे हैं। नहीं, यह (तोहफा) परमाणु हथियार से जुड़ा नहीं है। यह तेल और गैस से जुड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध जीत लिया गया है। ट्रंप ने कहा, हम इसे जीत चुके हैं। यह युद्ध जीता जा चुका है... ऐसा नहीं है कि हम कोई ऐसा युद्ध जीत रहे हैं जहां उनके पास नौसेना नहीं है और उनके पास वायुसेना नहीं है और उनके पास कुछ भी नहीं है। हमारे विमान वास्तव में तेहरान और देश के अन्य हिस्सों के ऊपर उड़ रहे हैं।



### ईरानी सेना ने अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर ट्रंप के दावे का उड़ाया मजाक

**दुबई।** ईरान की सेना के एक प्रवक्ता ने युद्धविराम समझौते से जुड़े अमेरिकी प्रयासों का बुधवार को मजाक उड़ाया जिससे यह सवाल उठने लगे कि क्या अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 15 सूत्रीय योजना के सफल होने की कोई संभावना है। ईरान की नियमित सेना और अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड की संयुक्त रूप से कमान संभालने वाले खातम अल-अन्बिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फाघारी ने 15-सूत्रीय योजना को मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपे जाने के बाद यह टिप्पणी की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी अधिकारी इस योजना पर ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं लेकिन सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में जुल्फाघारी ने इस बात का संकेत दिया कि कोई बातचीत नहीं हो रही। जुल्फाघारी के पहले से रिकॉर्ड वीडियो के जरिए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा, क्या आपके आंतरिक मतभेद इस हद तक पहुंच गए हैं कि आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं? जुल्फाघारी ने कहा, पहले दिन से ही हमारी पहली और आखिरी बात यही रही है और यही रहेगी हम जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे। न अभी, न कभी। एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि 15 सूत्रीय युद्धविराम योजना पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपी गई। पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में मध्यस्थता की पेशकश की है। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया जब अमेरिका की सेना 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से कम से कम1,000 और सैनिकों को तैनात करने की तैयारी कर रही है ताकि क्षेत्र में पहले से मौजूद करीब 50,000 सैनिकों को और बल मिल सके। सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह खबर दी थी कि योजना ईरानी अधिकारियों को सौंप दी गई है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय पेंटागन दो मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की भी तैनाती की प्रक्रिया में है जिसके तहत क्षेत्र में करीब 5,000 मरीन एवं नौसेना के हजारों अन्य कर्मी और तैनात किए जाएंगे।

### पश्चिम एशिया में ईरान ने दिखाई फिर अपनी ताकत

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, कहा- 'रेंज में आते ही इसे पूरी तरह ध्वस्त कर देंगे'

*एडमिरल ईरानी ने कहा कि दुश्मन को हमारी इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। ईरान की नौसेना अत्याधुनिक मिसाइलों और तटीय हमले वाले हथियारों से लैस है, जो किसी भी बड़े युद्धपोत को निशाना बना सकती है*



कुवैत एयरपोर्ट पर ईरान का हमला



शाहराम ईरानी

**एजेंसी ▶▶ तेहरान**

ईरान ने भूमध्यमहासागर में अमेरिका के युद्धपोत (5वें बेड़े) यूएसएस अब्राहम लिंकन को एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल के हमले में निशाना बनाया है। एक वीडियो में ईरानी मिसाइल अब्राहम लिंकन पर जोरदार हमले करते देखी जा रही है। ईरान ने इसके साथ ही अमेरिका को सख्त चेतावनी भी दी है। ईरान की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शहराम ईरानी ने अमेरिकी विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को लेकर सख्त चेतावनी दी है। ईरानी नौसेना प्रमुख ने कहा है कि ईरानी नौसेना लगातार इस जहाज की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। हम यूएसएस अब्राहम लिंकन की हर हलचल को लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। एक बार इसके हमारे रेंज में आने भर की देरी है, उसके बाद तुरंत इस युद्धपोत को ध्वस्त कर दिया जाएगा। ईरानी नौसेना कमांडर ने चेतावनी दी कि कोई भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी भूमि, समुद्री क्षेत्र और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

- *ईरान बोला- युद्धपोत की हर गतिविधि पर पैनी नजर*
- *कोई भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी*
- *ईरान अपनी भूमि और समुद्री क्षेत्र की रक्षा के लिए तैयार*



अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम फाइल फोटो

### हमारी सैन्य क्षमता को कम न आंके अमेरिका

*एडमिरल ईरानी ने कहा कि दुश्मन को हमारी इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। ईरान की नौसेना अत्याधुनिक मिसाइलों और तटीय हमले वाले हथियारों से लैस है, जो किसी भी बड़े युद्धपोत को निशाना बना सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यदि ईरानी जल क्षेत्र या मिसाइल रेंज के करीब आया तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। एडमिरल ईरानी ने कहा कि जैसे हमने पहले दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया, वैसे ही अब भी हम तैयार हैं। हमारी नौसेना किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने ईरानी सेना की एकता और मजबूती का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा ईरान एकजुट होकर अपनी रक्षा करेगा।*

### इजराइली हमले में दक्षिणी लेबनान में दो जगह पर 9 लोगों की मौत

दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमले में नौ लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हुई और एक अन्य जगह पर हुए हमले में तीन अन्य की मौत हुई है। इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी इलाकों में बमबारी की है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीती 2 मार्च से इजराइली हमलों में लेबनान में 1072 लोग मारे गए हैं।



ईरान के तबरीज शहर पर इजराइल का हमला

### हिजबुल्ला ने इजराइल पर 30 रॉकेट दागे

लेबनान और ईरान की बीच मतभेदों के बीच हिजबुल्ला ने बुधवार को इजराइल पर करीब 30 रॉकेट्स दागे। ये हमले इजराइल के साफेद शहर में किए गए, जिसके बाद साफेद में सायरन की आवाजें सुनी गईं। वहीं, इजराइल के उत्तर में कीर्यात श्मोना शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी दी गई। लेबनान से छोड़े गए प्रोजेक्टाइल के बाद शहर में सायरन बज उठे। एक निर्माणाधीन घर को नुकसान पहुंचा, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इससे पहले ईरान और हिजबुल्ला द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उत्तर इजराइल में एक व्यक्ति की मौत हुई और तेल अवीव के पास के शहरों बनेई बराक और गवत शमूएल में कम से कम 12 लोग घायल हुए थे।

### ईरान ने जारी रखे हमले

## कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला, फ्यूल टैंक में लगी आग, सीमित नुकसान

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले के बाद फ्यूल टैंक में आग लग गई। कुवैत सिविल एविएशन प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि की है। प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान संपत्ति तक ही सीमित रहा। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। फायर ब्रिगेड और अन्य संबंधित एजेंसियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं।

### जॉर्डन-सऊदी अरब में मिसाइल और ड्रोन हमला

जॉर्डन की राजधानी अमान के दक्षिण में कम आबादी वाले इलाके में मिसाइल के टुकड़े गिरने की घटना सामने आई। सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय के प्रवक्ता के अनुसार, किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। जॉर्डन के अधिकारी कहते हैं कि युद्ध की शुरुआत से अब तक देशभर में सैकड़ों मिसाइल टुकड़े गिर चुके हैं। सऊदी अरब ने भी सुरक्षा बढ़ा दी है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने देश के पूर्वी प्रांत में एक बैलिस्टिक मिसाइल और कम से कम छह ड्रोन को मार गिराया।

### इजराइल सेना का ईरान पर हमला

## इस्फहान में हथियार निर्माण केंद्रों पर हमले

इजराइल सेना ने ईरान के इस्फहान में स्थित सैन्य और हथियार निर्माण केंद्रों पर व्यापक हवाई हमले किए। सेना के बयान के अनुसार, यह हमला ईरान के सबसे महत्वपूर्ण विस्फोटक उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाकर किया गया, जिसका इस्तेमाल विभिन्न हथियारों के निर्माण में होता था। इस हमले में मिसाइल लॉन्च साइट, हथियार निर्माण केंद्र और वायु रक्षा प्रणाली सहित दर्जनों लक्ष्य ध्वस्त किए गए, और 120 से अधिक हथियारों का उपयोग किया गया। ईरान ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### बुशहर परमाणु संयंत्र पर मिसाइल गिराई

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र पर भी प्रक्षेपास्त्र गिरने की खबर मिली है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने बताया कि हमला किसी वित्तीय, तकनीकी या मानव नुकसान के बिना संपन्न हुआ। संगठन ने चेतावनी दी कि शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों पर हमले अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक हैं।

### तेहरान में भी धमाके

ईरान की राजधानी तेहरान के पूर्व में भी धमाके सुनाई दिए। लगातार बमबारी के कारण कई आवासीय इमारतें और एक स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## जरूरत पड़ने पर और तेल रिजर्व जारी करेंगे



पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर वह अपने अतिरिक्त तेल भंडार जारी करने के लिए तैयार है। आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल नेबुधवार को टोक्यो में जापान की पीएम साने ताकाइची के साथ बैठक के बाद कहा कि एजेंसी वैश्विक सप्लाई में संभावित कमी से निपटने के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि दूसरी इमरजेंसी ऑयल रिलीज की तैयारी रखी जा रही है। आईईए इस महीने 400 मिलियन बैरल तेल जारी करने की घोषणा कर चुका है, जो उसके इतिहास की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। बिरोल ने कहा कि एजेंसी के पास अभी भी लगभग 80 प्रतिशत भंडार सुरक्षित है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com